हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


पिछले कुछ दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण खूंटाघाट डेम लबालब हो गया है। इसे देखने पहुंचने लगे पर्यटक।

## खबर संक्षेप

### हाईटेक चीटिंग करने वाली दोनों बहनें गई जेल




**बिलासपुर।** पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा में हाईटेक चीटिंग करने वाली दोनों बहनों को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा में जशपुर की रहने वाली दो सगी बहन अनु सूर्य व अनुराधा सूर्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर 3 दिन के पुलिस रिमांड में लिया था। इस दौरान पुलिस ने दोनों बहनों को जशपुर उनके घर ले जाकर आनलाइन मंगाए उपकरण के खाली डिब्बे सहित दस्तावेज जब्त किया, साथ ही कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई। बुधवार को रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने दोनों बहनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### गुटखा दुकान में जीएसटी का छापा

**बिलासपुर।** व्यापार विहार में पान मसाला और गुटखा की एक दुकान पर सेंट्रल जीएसटी ने छापा पड़ा है। टीम ने दुकान और गोदाम से लगभग 10 लाख रुपए का माल जब्त किया है। बताया जा रहा है कि व्यापारी ने अपनी बिक्री में मूल्यवर्धन नहीं दिखाया था और न ही जब्त किए गए सामान का कोई कागजात दिखा सका। विभाग के अनुसार, व्यापारी द्वारा आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) के माध्यम से ही कर का भुगतान किया गया था, जबकि बिक्री को छिपाते हुए कर अपवंचना की मंशा से वास्तविक कर का भुगतान नहीं किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक जीएसटी विभाग लगातार ऐसे कारोबारियों पर नजर रखे हुए है जो कर चोरी करने की कोशिश करते हैं। हालांकि अधिकारियों ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया।

### डीएलएमसी की बैठक आज

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति (डीएलएमसी) की बैठक 17 जुलाई को शाम 4 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। इसमें वर्ष 2025-26 मौसम खरीफ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत ऋणी एवं अऋणी कृषकों के फसल बीमा कार्यक्रम क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण 23 को

**बिलासपुर।** जिले की विभिन्न थानों में जब्त किए गए मादक पदार्थों का नष्टीकरण 23 जुलाई को सुबह 10 बजे किया जाएगा। नष्टीकरण की कार्रवाई मोहतराई स्थित सुधा बॉयो पॉवर लिमिटेड की भट्ठी में उक्त तिथि को किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नष्टीकरण के लिए गठित जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति के सदस्य एवं पंचान इस दौरान उपस्थित रहेंगे।

### जिले में अब तक 435.3 मि.मी. बारिश दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 435.3 मि.मी. बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 334.4 मि.मी. से 100.9 मि.मी. अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 631.5 मि.मी. बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 335.9 मिमी बोदरी में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिल्हा तहसील में 438.7 मिमी, मस्तूरी में 410 मिमी, तखतपुर में 397.6 मिमी, कोटा में 339.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है।

# 30 हजार बच्चों को पढ़ाने 1300 व्यावसायिक शिक्षकों की कमी
# इधर 40 करोड़ के उपकरण खरीदकर स्कूलों में भेज भी दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

व्यावसायिक कोर्स में प्रदेश के छात्रों को बेहतर बनाने के लिए समग्र शिक्षा विभाग ने 652 स्कूलों में इसे शुरू तो कर दिया है लेकिन पिछले तीन सालों में शिक्षकों की भर्ती नहीं हो सकी है। लिहाजा बच्चों को बिना पढ़े परीक्षा दिलानी पड़ रही है। यही नहीं इन स्कूलों में इस साल प्रदेश भर में 40 करोड़ रुपए के सामान भी भेजे जा रहे हैं। इनका टेंडर राज्य स्तर पर हुआ है और ठेका कंपनी सीधे स्कूलों में सामान पहुंचा रही है। इसमें लैब उपकरण के साथ दूसरे सामान शामिल हैं। हाल यह है कि लगभग 30 हजार बच्चों को पढ़ाने वाला कोई नहीं है। अधिकारी भी स्वीकारते हैं कि वोकेशनल कोर्सों को पढ़ाने के लिए 1315 ट्रेनरों की जरूरत है, लेकिन भर्ती नहीं हो पा रही है। एक साल पहले इसके लिए कोशिश भी शुरू हुई लेकिन मामला सिर्फ टेंडर तक ही पहुंच सका।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी व्यावसायिक पाठ्यक्रम योजना अधिकारियों की उदासीनता के चलते गर्त में जाती दिख रही है। आलम यह है कि छत्तीसगढ़ के 652 नए स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम लागू करने की अनुमति दे दी गई है, मगर अभी तक यहां व्यावसायिक प्रशिक्षकों की व्यवस्था नहीं हो पाई है। नियमानुसार यहां व्यावसायिक प्रशिक्षकों की नियुक्ति के लिए राज्य के नोडल एजेंसी समग्र शिक्षा को रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण (ईओआई) किया जाना था। यह प्रक्रिया टेंडर तक जाने के बाद अटक गई है। नतीजतन इस साल भी सत्र शुरू होने के बाद भी पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है।




- पिछले तीन सालों में शिक्षकों की भर्ती नहीं हो सकी, सिर्फ टेंडर तक मामला पहुंचा
- अकेले बिलासपुर जिले में ही 40 स्कूलों में वोकेशनल कोर्स संचालित हो रहे हैं



### एडमिशन हो गए, पढ़ाने वाला कोई नहीं

इधर, स्कूलों में कुछ विद्यार्थियों ने नए ट्रेड में दाखिला भी ले लिया है। नए ट्रेड में इस साल अपेरल, आटोमोटिव, बैंकिंग, कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर, आइटी, प्लबिंग, पावर और रिटेल ट्रेड पढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार 2025 तक 50 प्रतिशत स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम लागू किया जाना है। इसी के मद्देनजर प्रदेश में इस वर्ष 652 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा लागू करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है।

### सिर्फ शो-पीस बनकर रह जाएंगे उपकरण

ट्रेनिंग के लिए राज्य शासन ने आठ प्रशिक्षण संस्थानों से अनुबंध कर रखा है। इनमें सेंटम वर्क स्किल, ग्रामतरंग, लक्ष्य जाब स्किल, आइसेक्ट, लर्नेट स्किल, इंडस, एडुट्रेन, स्किल ट्री और विद्यांता स्किल शामिल हैं। फिलहाल टेंडर में भाग लिए गए फर्मों के टेक्निकल पहलू की जांच की बात कही जा रही है। इसके बाद फाइनेंशियल बीट देखी जाएगी। कुल मिलाकर कहें तो भर्ती प्रक्रिया में अभी समय लग सकता है। ऐसे में स्कूल खुलने के बाद भी छात्रों को टीचर की सुविधा नहीं मिलेगी। बल्कि 40 करोड़ रुपए के जो सामान भेजे जा रहे हैं वह स्कूलों में सिर्फ शो-पीस बनकर रह जाएंगे। हालांकि मिशन के अफसर यह तर्क देते हैं कि स्कूलों में पहले लैब बनाया जाएगा। इसके बाद जिन ट्रेनरों की भर्ती होगी वो स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाई करवाएंगे।

### भर्ती प्रक्रिया चल रही

वोकेशनल ट्रेनर शिक्षकों की भर्ती के लिए प्रक्रिया चल रही है। जिन कंपनियों से अनुबंध है उनसे भी चर्चा जारी है। जल्द ही शिक्षकों की कमी पूरी कर ली जाएगी।

\- **संजीव झा,** डायरेक्टर, समग्र शिक्षा

## एसईसीआर मुख्यालय ने जारी किया नोटिफिकेशन
# कोरोना काल में बंद की गई 13 लोकल आज से वापस पटरी पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कोरोना काल के दौरान 13 बंद की गई लोकल ट्रेनें वापस पटरी पर दौड़ने लगी हैं, जिसके लिए रेलवे बोर्ड के आदेश पर एसईसीआर मुख्यालय के अफसरों ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इन 13 ट्रेनों के पांच साल बाद बुधवार से वापस पटरी पर चलने से हजारों की संख्या में छोटे स्टेशन तक सफर करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

रेल प्रशासन ने कोरोना महामारी के दौरान सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के साथ लोकल ट्रेनों को भी पूरी तरह से बंद कर दिया था। इसके कारण लाखों, करोड़ों की संख्या में उन यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जो शहर से बाहर गए हुए थे। कोरोना महामारी और लॉक डाउन की वजह से उन यात्रियों को ट्रेनों के वापस पटरी पर आने का इंतजार लंबे समय तक करना पड़ा। यात्री ट्रेनों के पहियों को रोककर रेलवे ने केवल मालगाड़ियों का परिचालन किया, ताकि किसी भी स्थान पर खाने-पीने और बिजली की समस्या न हो। लॉक डाउन खुलने के बाद यात्री ट्रेनें धीरे-धीरे पटरी पर आनी शुरु हुई। इसकी शुरुआत रेलवे ने स्पेशल बनाकर की, जिसे करीब डेढ़ साल बाद नियमित रूप से पटरी पर दौड़ाया गया। इस दौरान कई रद्द लोकल ट्रेनें पटरी पर वापस नहीं आ सकी। इसके के कारण आसपास के छोटे स्टेशनों तक सफर करने वाले हजारों की संख्या में यात्री परेशान हो रहे थे। रेल प्रशासन भी रद्द ट्रेनों के वर्षो से खड़े किए गए रैक को वापस पटरी पर चलाने के लिए रेलवे बोर्ड के आदेश का इंतजार कर रहा था। दो साल पहले कुछ लोकल और पैसेंजर ट्रेनों की शुरुआत भी की गई। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर की 13 ऐसी लोकल ट्रेनें शामिल थी, जिसके रैक कोचिंग डिपो में खड़े थे या फिर उसे दूसरे रूट पर चलाया जा रहा था। बुधवार को रेलवे बोर्ड ने पांच साल पहले बंद किए गए बाकी सभी ट्रेनों को वापस पटरी पर चलाने का आदेश सभी जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को भी जारी कर दिया। इस आदेश के बाद शाम को एक नोटिफिकेशन जारी करते हुए रायपुर से बिलासपुर होकर गेवरारोड के बीच चलने वाली पैसेंजर सहित 13 लोकल ट्रेनें वापस पटरी पर आ गई है।

### ये ट्रेनें हैं शामिल

- रायपुर से बिलासपुर होकर गेवरारोड के बीच चलने वाली 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर।
- गेवरारोड से बिलासपुर स्टेशन होकर रायपुर के बीच चलने वाली 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर।
- गोंदिया से चलने वाली 78805 गोंदिया-कटंगी डेमू पैसेंजर।
- कटंगी से चलने वाली 78806 कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर।
- कटंगी से चलने वाली 78810 कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर।
- गोंदिया से चलने वाली 78809 गोंदिया-कटंगी डेमू पैसेंजर।
- बालाघाट से रवाना होने वाली 78814 बालाघाट-तुमसर रोड डेमू पैसेंजर।
- तुमसर रोड से रवाना होने वाली 78813 तुमसर रोड-बालाघाट डेमू पैसेंजर।
- डोंगरगढ़ से चलने वाली 68721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर।
- गोंदिया से चलने वाली 68723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर।
- गोंदिया से चलने वाली 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर।
- रायपुर से चलने वाली 68729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर।
- डोंगरगढ़ से चलने वाली 68730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर।

### अपग्रेडेशन कार्य की वजह से 9 ट्रेनें 19 को रद्द रहेंगी

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के दुर्ग से बिलासपुर सेक्शन में सरोना केबिन और उरकुरा के बीच तीसरी लाइन में विद्युतीकृत एवं आटोमेटिक सिगनलिंग एवं अन्य अपग्रेडेशन कार्यो के कारण इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा। इसके कारण बिलासपुर से रायपुर के बीच 9 ट्रेनों का परिचालन 19 और 20 जुलाई को रद्द रहेगा। वहीं गोंदिया से झारसुगुड़ा के बीच जेडी पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त कर दी जाएगी। रद्द की जाने वाली 19 जुलाई को ट्रेनों में 68707 रायपुर-दुर्ग मेमू, 68708 दुर्ग-रायपुर मेमू, 68717 रायपुर-दुर्ग मेमू, 68718 दुर्ग-रायपुर मेमू, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू, 68725 रायपुर-दुर्ग मेमू, 68727 बिलासपुर-रायपुर मेमू, 20 जुलाई को 68701 रायपुर-दुर्ग मेमू, 68702 दुर्ग-रायपुर मेमू शामिल है। इसके अलावा 19 जुलाई को गोंदिया एवं झारगुड़ा से रवाना होने वाली 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर स्टेशन में समाप्त करने के बाद बिलासपुर से गोंदिया और बिलासपुर से झारसुगुड़ा के लिए वापस रवाना की जाएगी।

## मिनीबस्ती में हत्या के बाद पुलिस का बड़ा एक्शन



### निकाला गया जुलूस

15 जुलाई को पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद थाने से शहर के प्रमुख मार्ग पर उनका जुलूस निकाला। इस दौरान बदमाश कान पकड़कर गुण्डागर्दी नहीं करेंगे की बात कहते नजर आ रहे थे। पुलिस के द्वारा कान पकड़कर बदमाशों को पैदल ले जाते देख लोगों की भीड़ लग गई।

# 9 बदमाश पकड़े गए, अवैध शराब, हथियार जब्त

**बिलासपुर।** हत्या की वारदात के बाद सिविल लाइन पुलिस ने बीती रात अपराध के गढ़ जरहाभाठा मिनीबस्ती में किला बंदी कर चिन्हांकित कर दर्जनों मकानों में दबिश देकर जांच की गई है। पुलिस की कार्रवाई से बस्ती में हड़कंप मच गया। पुलिस ने 9 बदमाशों को पकड़कर उनके पास से अवैध शराब, चाकू, चापड़ बरामद किया गया है।

रविवार को जरहाभाठा मिनीबस्ती में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद हमलावर के मकान में आग लगा दी गई थी, जिससे तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई थी। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर 15 जुलाई की रात 12 बजे के बाद सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में टीआई एसआर साहू थाने के बल के साथ मिनीबस्ती में किलाबंदी करते हुए दर्जनों बदमाशों के मकानों में दबिश दी। मकानों की तलाशी लेने पर एक मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब मिली। वहीं कई बदमाशों के घर में अवैध हथियार चाकू, चापड़ बरामद किया गया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं 25, 27 आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएस की धारा 170, 126, 135, 3 और 129 के तहत 9 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें से कई आरोपी पूर्व में डकैती, चाकूबाजी, हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले में शामिल रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई से मिनीबस्ती में हड़कंप मचा हुआ है।

### लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और संगठित अपराधों पर नियंत्रण करने जरहाभाठा मिनीबस्ती में कार्रवाई करते हुए 9 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई आगे में जारी रहेगी।

\- **निमितेश सिंह परिहार** सीएसपी सिविल लाइन



### बदमाशों के घरों में एसी

महाराणाप्रताप चौक के शासकीय भूमि में जरहाभाठा मिनीबस्ती बसी हुई है। यहां रहने वाले अधिकांश लोग रोजी मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। पुलिस ने एक बदमाश के घर में दबिश दी तो उसके घर में एसी लगा मिला, यहां रहने वाले अधिकांश बदमाश महंगी कारों में चलते हैं।

### पकड़े गए बदमाश

- मुकेश उर्फ गोला पिता दरबारी लाल 28 साल
- देव सिदार पिता स्व. राज सिदार 20 साल
- दीपक बंजारे पिता स्व. कृष्णा बंजारे 28 साल
- अभिषेक डिगे पिता स्व. होरीलाल 24 साल
- स्वराज कुर्रे पिता स्व. छन्नू लाल 19 साल
- सुभाष कुर्रे पिता स्व. छन्नू लाल 22 साल
- संतोष यादव पिता स्व. नथूराम 44 साल
- साहिल कर्डे पिता स्व. छन्नू लाल
- राजा सिंह ठाकुर पिता स्व. सुनील सिंह 23 साल

## हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया, मुख्य सचिव के साथ बिलासपुर कलेक्टर से जवाब मांगा
# 17 गायों की मौत, हाईकोर्ट ने कहा- यह शहर ही नहीं पूरे प्रदेश की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर रोड पर ग्राम बारीडीह में मंगलवार रात हाइवा से कुचलकर मारे गए 14 मवेशियों को मामले पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। बुधवार को चीफ जस्टिस ने इस पर स्पेशल डीबी में जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता से पूछा कि, इन घटनाओं पर लगाम कैसे लगेगी, शासन ने जवाब के लिए समय लिया है, अब 30 जुलाई को अगली सुनवाई होगी।


रफ्तार का कहर : 12 मवेशियों की मौत, 5 घायल
बेलगाम वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचला

- मुख्य सडकों और हाइवे पर खतरनाक स्थिति, अफसोस की बात कि, इस तरह के हादसे निरंतर हो रहे

चीफ जस्टिस ने रतनपुर में सडक हादसे का जिक्र किया, जिसमें 17 मवेशी मारे गए हैं। इसे संज्ञान में लेकर इस पर भी बतौर जनहित याचिका सुनवाई की गई। कोर्ट ने कहा कि सभी जगह मुख्य सडकों और हाइवे पर बहुत खतरनाक स्थिति है। अफसोस की बात है कि, इस तरह के हादसे निरंतर हो रहे हैं। शासन इन पर रोक लगाने के क्या उपाय कर रहा है। डीबी ने महाधिवक्ता पी. एन. भारत से जानकारी ली कि, पूर्व में अदालत के आदेश पर कितना अमल किया गया है। गायों के मालिकों के खिलाफ एफआईआर हुई है या नहीं। महाधिवक्ता ने बताया कि, इस हादसे में दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शासन की ओर से कहा गया कि एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया ) का पूरा पालन किया जाएगा। उन्होंने शासन की ओर से विस्तृत जवाब देने अदालत से समय देने का अनुरोध किया। इसे मंजूर कर हाईकोर्ट ने 30 जुलाई को अगली सुनवाई निर्धारित की है।

### हाईकोर्ट का आदेश भी बेअसर

ध्यान रहे कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को हटाने के लिए राज्य शासन को आदेश जारी कर चुका है, लेकिन सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिसकी वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। तखतपुर-मुंगेली, कोटा रोड, मस्तूरी, चकरभाठा के साथ ही सीपत रोड़ में शाम ढलते ही सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है।



लगातार हो रहे हादसों पर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है। इस दौरान समय-समय पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन को आदेश जारी किया गया है। जिसमें उन्हें सड़कों से मवेशियों को हटाने और निगरानी करने कहा था, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद जिला प्रशासन मवेशियों को हटाने ध्यान नहीं दे रहा।

## वाहन चालक व मवेशी मालिकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

रतनपुर से पेंड्रा मार्ग में अज्ञात वाहन के द्वारा खतरनाक तरीके से चलाते हुए सड़क में बैठे मवेशियों को कुचल दिया गया था। हादसे में 13 मवेशी की मौत हो गई थी, वहीं 4 घायल हो गए थे। पुलिस ने वाहन चालक व मवेशी मालिकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोटा एसडीओपी नूपुर उपाध्याय ने बताया, 14 जुलाई को देर रात रतनपुर से पेंड्रा जाने वाली निमार्णाधीन एनएच - 45 में बारीडीह के पास अज्ञात वाहन का चालक खतरनाक तरीके से तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हुए सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचलकर भाग गया था। हादसे में 13 मवेशी की मौत हो गई थी, वहीं 4 घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात वाहन के चालक व लावारिश मवेशियों को छोड़ने वाल मालिकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस अज्ञात वाहन के चालक व मवेशी मालिकों की तलाश में जुट गई है। हादसे के बाद भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रतनपुर पुलिस संबंधित गांवों के सरपंचों के साथ मिलकर एक कमेटी बनाकर मवेशियों के गले में रेडियम नेक बेंड लगा रही है, ताकि अंधेरे में भी वाहन चालकों को दूर से मवेशियों क बैठे होने की जानकारी हो जाए।

## अशोक नगर और अपोलो की सड़क के मामले में मांगा जवाब

अशोक नगर की बदहाल सडक और अपोलो हास्पिटल जाने वाली रोड पर हाईकोर्ट ने बुधवार को स्व संज्ञान में दर्ज हुई जनहित याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की स्पेशल डिवीजन बेंच ने कहा कि बिलासपुर और आस-पास की लोक निर्माण विभाग की सडकों की हालत बहुत खराब है। इसके साथ ही अशोक नगर में सडक पर बड़े गड्ढे हैं इनका क्या किया जा रहा है। इस मामले में आगामी 25 जुलाई को सुनवाई को होगी।

- **इस मामले में आगामी 25 जुलाई को सुनवाई को होगी**

सुनवाई के दौरान निगम की ओर से कहा गया कि अपोलो वाली सड़क, जो कि बसंत विहार चौक से अपोलो अस्पताल तक है, को चौड़ा करने का काम हाईकोर्ट के निर्देश पर किया जा रहा है। निगम ने अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है और 6 मई को वर्कऑर्डर भी जारी किया गया है। सड़क 80 फिट चौड़ी होगी और दोनों तरफ नाली बनाया जाएगा। निगम के मुताबिक बसंत विहार चौक से मानसी गेस्ट हाउस होते हुए रपटा तक की सड़क को भी चौड़ा किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने से पहले, प्रभावित लोगों को वैकल्पिक बहतराई, सरोज विहार और आईएचएसडीपी योजना के आवास में जगह दी गई है। खस्ताहल हो चुकी अशोकनगर चौक से बिरकोना तक की सड़क पर भी हाईकोर्ट ने जवाब मांगा है। हरिभूमि ने इस सड़क की दुर्दशा लगातार समाचार प्रकाशित किया है।


15 करोड़ में बनीं सड़कें उखड़ने लगीं

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

## खबर संक्षेप

### निगम को आज मिलेगा स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रपति पुरस्कार



**बिलासपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में बिलासपुर नगर निगम को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलना है। नई दिल्ली में 17 जुलाई को आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए महापौर श्रीमती पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, निगम आयुक्त अमित कुमार, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार के साथ पूरी टीम दिल्ली रवाना हो गई है। ध्यान रहे कि स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिलासपुर नगर निगम का तीन लाख से दस लाख तक आबादी की शहरों की श्रेणी में, कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार जनसंख्या तक की श्रेणी में और बिल्हा नगर पंचायत को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इसके लिए चयनित किया गया है। ध्यान रहे कि पिछले साल स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बिलासपुर शहर को एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में देश का 28 वां सबसे साफ-सुथरा शहर घोषित किया गया। इससे पहले 20222 में दस लाख तक के शहरों की कैटेगरी में बिलासपुर 25 वें स्थान पर था, पर इस बार एक लाख से अधिक आबादी के सभी शहरों के बीच मुकाबला था। इसमें देश के कई बड़े महानगर शामिल थे। निगम उम्मीद कर रहा है कि इस बार रैंकिंग में सुधार होगा। टाप टेन में आने की बात भी कही जा रही है। गौरतलब है कि देशभर के 4,477 शहरों का सर्वेक्षण करते हुए रैंकिंग जारी की जा रही है।

### जीवधर्णी फाउंडेशन ने बच्चों को अध्ययन सामग्री बांटी




**बिलासपुर।** ग्राम दवनपुर कोटा जिला बिलासपुर जीवधर्णी फाउंडेशन ने अपनी शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम मे भेंट की बच्चों को अध्ययन सामग्री कॉपियां सिलेट पेन पेंसिल आदि, ग्राम के बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया गया एवं पढ़ाई बीच में ना छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया साथ-साथ यातायात जागरूकता अभियान के तहत स्कूल के बच्चों की रैली ग्राम दवनपुर में निकाली जिसमें गांव के लोगों को बाइक चलाते समय हेलमेट पहनना शराब पीकर गाड़ी न चलने तथा यातायात नियमों के पालन करने संबंधी बातें बताई गई कार्यक्रम में जीवधर्णी फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास चंद्र वर्मा, श्रीमति रेखा गुल्ला, आकांक्षा जानोंकर, मदन मोहन गुल्ला, प्रधान पाठक शिशुपाल सिंह पैकरा , सहायक शिक्षक श्री किरण कुमार बैगा , दवनपुर के सरपंच राम कुमार मरावी , उपसरपंच सहस राम मरावी जी, पंच श्रीमति मंगलीन बाई, उपस्थित रहे।

### गोंडवाना को दुर्घटना से बचाने वाले कर्मचारियों का जीएम ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** रायगढ़ से बिलासपुर होकर नागपुर की ओर जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रोकने के बाद रेल कर्मचारी ने दुर्घटना होने से बचाने का काम किया। इसमें हजारों यात्रियों की जान बच गई। मंगलवार को तीनों डिवीजन में मालगाड़ी और यात्री गाड़ी को दुर्घटना से बचाने वाले सात रेल कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने किया।

### यातायात पुलिस ने ली पेट्रोल ऑटो संचालकों की अहम बैठक, दिए निर्देश



**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की दिशा निर्देश पर 15 जुलाई को यातायात कार्यालय बिलासपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे द्वारा जिला पेट्रोल ऑटो चालकों के पदाधिकारियों की शहर यातायात प्रबंध दौरान आटो सुविधा एवं व्यवस्था में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक में आटो यूनियन पदाधिकारियों ने अच्छी एवं सुरक्षित आटो व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने अपनी सहमति प्रदान कर शहर में सुव्यस्थित एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने यातायात नियमों का समुचित पालन करते हुए वाहन चलाने के संबंध में अपनी प्रतिबद्धता जाहिर किए। इस दौरान पूरे शहर में ऑटो चालक ड्राईविंग लायसेंस की शर्तों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से ऑटो चलाने। आटो चालक चौक चौराहों में बेतरतीब ढंग से वाहन खडी कर दें रहें हैं। बैठक जिला आटो संघ पेट्रोल, आटो संघ डीजल ऑटो तथा बैटरी आटो संघ सदस्यों की संयुक्त बैठक पुलिस मैदान में सुबह 10 बजे 20 जुलाई को होगी। जिसमे सभी ऑटो चालकों को आना अनिवार्य है। आटो चालकों के नशे की हालत में वाहन चलाने की शिकायत भी समय समय प्राप्त होती है ।

**घोटाला रोकने की पहल** — 20 जुलाई से सभी परीक्षाओं पर होगी लागू, बनाए गए कड़े नियम

# परीक्षा केन्द्रों एवं परीक्षार्थियों के लिए व्यापमं ने जारी किए नए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों के लिए नए सिरे से दिशा निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश आगामी 20 जुलाई से आयोजित होने वाली व्यापमं की सभी परीक्षाओं पर लागू होगा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने व्यापमं द्वारा जारी निर्देशों का जिले में कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और सभी केंद्र अध्यक्ष और प्राचार्यों को इस आशय का पत्र जारी किया है। व्यापम द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा दिवस को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यार्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तथा मैनुअल पैट डाउन (हाथों से तलाशी) फ्रिसकिंग किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से यह फ्रिसकिंग का कार्य किया जावे। वे पुलिसकर्मी परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ढाई घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र में अपनी उपस्थिति देवें।




महिला अभ्यार्थियों की फ्रिसकिंग का कार्य महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जावे। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद इन दोनों पुलिस कर्मी में से एक-एक पुलिस कर्मी बारी-बारी से परीक्षा केन्द्र के परिसर एवं परीक्षा केन्द्र के बाहर का निरीक्षण करते रहें। कोई संदिग्ध गतिविधि न हो सके। व्यापमं द्वारा परीक्षार्थीयों के लिए इस प्रकार निर्देश जारी किया गया है। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिसकिंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जावे। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा 10 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रातः 09.45 बजे बंद कर दिया जावे। हल्के रंग के आधी बाही वाले कपडे पहनकर परीक्षा देने आये। निर्देश में कहा गया है कि फुटवियर के रूप में चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण धारण करना वर्जित है। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा केन्द्र से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रिानिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। उपरोक्त निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाना है।

## पीएचई के लैब में दोगुना हुआ पानी के सैंपलों का कलेक्शन

# जगह-जगह दूषित पानी की शिकायत पीएचई कह रहा सब ठीक है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक ओर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में दूषित पानी सप्लाई की शिकायत की जा रही है। वहीं दूसरी ओर पीएचई डिपार्टमेंट का कहना कि सैंपल जांच में गड़बड़ी नहीं पाई जा रही है। बारिश में दूषित पानी के प्रभाव से पनपने वाली मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए पीएचई विभाग के लैब में जांच के लिए आने वाले सैंपलों की संख्या दो गुनी से भी अधिक हो गई है।

■ **बारिश में मौसमी बीमारियों के मद्देनजर बढ़ाई गई जांच**

एक महीने में ही सैंपलों की संख्या 5 सौ पार कर गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लैब में इन दिनों पूरे जिले के ग्रामीण इलाकों से पानी के सैंपल बड़ी संख्या में जांच के लिए लाए जा रहे हैं। पीएचई



विभाग का टेक्निकल अमला ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात है, जिन्हें रूटीन में पानी के सैंपल एकत्र कर लैब तक जांच के लिए पहुंचाना होता है। जिले में कुल 829 पानी की टंकियां हैं, जिनमें 553 आरसीसी व 276 सोलर सिस्टम से भरी जाने वाली टंकियां हैं। सामान्य दिनों में पीएचई के लैब में महीने में औसतन दो सौ के करीब सैंपल जांच के लिए आते हैं, जबकि बारिश में इसकी संख्या दो गुना से भी अधिक हो जाती है। बीते एक महीने में लैब को पानी की जांच के लिए पांच सौ से अधिक सैंपल प्राप्त हुए हैं। हालांकि इन सभी सैंपलों की जांच में विशेषज्ञों को एक भी मामला पानी के दूषित होने वाला नहीं मिला। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी गांव में फैली डायरिया या अन्य बीमारी के पीछे दूषित पानी भी एक कारण हो सकता है, लेकिन सिर्फ दूषित पानी ही एकमात्र कारण नहीं होता। पीड़त लोगों की घरेलू साफ-सफाई, उनका खानपान व रहन-सहन भी अहम भूमिका निभाता है।

### वाटर पंपों से पानी खींचना बेहद रिस्की

पानी के लिए वाटर पंपों का उपयोग सबसे हानिकारक बताया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार पूरे फोर्स के साथ पाईप लाईन में प्रवाहित होता पानी पाइप लाइन में टूट फूट होने के बाद भी गंदगी को उतना ज्यादा अपने में समाहित नहीं करता, जितना वाटर पंप कर लेता है। लोग कम समय में अधिक पानी एवं बोर के बंद हो जाने के बाद भी पानी प्राप्त करने के लिए वाटर पंप का उपयोग करते हैं। वाटर पंप की विशेषता यही होती है कि बोर बंद होने के बाद भी वह पाईप लाईन में जमा पानी को प्रेशर से खींच लेता है, लेकिन बोर बंद होते ही पानी का प्रेशर कमजोर होने के बाद डेमेज पाइप लाइन से नालियों या अन्य गंदे स्थानों का पानी पाइप लाइन में प्रवेश कर वाटर पंप के प्रेशर से आसानी से घरों तक पहुंच जाता है, जिससे डायरिया जैसी गंभीर बीमारी पैदा हो जाती है।

### दिक्कत ग्राउंड वाटर में नहीं, पाइप लाइन में

लैब में पानी की जांच करने वाले विशेषज्ञों के अनुसार जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त सैंपलों के पीने योग्य होने के पीछे प्रमुख कारण लगभग सभी सैंपलों का ग्राऊंड वाटर होना है। बोर, हैंडपंप या सामान्य नल के माध्यम से ग्राऊंड वाटर सीधे उपयोग में किए जाने के कारण स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं डालता। इसके विपरीत यही पानी अगर पानी की टंकियों या बोर द्वारा पाईप लाईन के माध्यम से लोगों के घरों में पहुंच रहा है तो यह परेशानी पैदा करता है। पाईप लाईन में कहीं पर भी आई टूट-फूट सीधे गंदगी के प्रवेश का सबसे बड़ा कारण है। यही पानी उपयोग के बाद डायरिया जैसी गंभीर बीमारी को पैदा करता है।

### बढ़ी है सैंपलों की संख्या

बारिश में मौसमी बीमारियों के मद्देनजर जांच हेतु पानी के सैंपलों की संख्या अभी बढ़ी है। सामान्य दिनों में महीने में प्राप्त सैंपलों की संख्या दो सौ के आसपास होती है। अभी एक महीने में ही पांच सौ से अधिक सैंपल जांचे जा चुके हैं। हालांकि इन सैंपलों की जांच में सारे रिपोर्ट नार्मल आए हैं। एकत्र किए गए सभी स्थानों पर पानी उपयोग के लायक है।

-आशीष डोंगरे, रसायनज्ञ, पीएचई लैब

## बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष से मिले समाज के लोग



**बिलासपुर।** बुधवार को छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी बिलासपुर पहुंचे। वे यहां स्थानीय वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण करने एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक लेने के उद्धेश्य से आए थे। तेलुगु समाज से छत्तीसगढ़ शासन में महत्वपूर्ण पद प्राप्त कर श्रीनिवास राव मद्दी ने पूरे समाज का गौरव बढ़ाया है।

भाजपा नेता वी. रामा राव के नेतृत्व में स्थानीय तेलुगु समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बिलासपुर सर्किट हाउस में उनसे सौजन्य भेंट की। गौरतलब है कि भाजपा नेता वी. रामा राव और श्रीनिवास राव मद्दी के बीच लगभग 30 वर्षों से घनिष्ठ संबंध हैं। समाज के लोगों ने बताया कि श्री राव का यह मुकाम तेलुगु समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर बिलासपुर रेलवे क्षेत्र में आगामी दिनों में आयोजित किए जाने वाले उनके सम्मान समारोह की जानकारी श्रीनिवास राव मद्दी को दी। जिस पर उन्होंने सहमति प्रदान की। इस मुलाकात के दौरान श्रीनिवास राव मद्दी और वी. रामा राव के बीच कई विषयों पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा हुई। तेलुगु समाज ने उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में समाज के उत्थान के लिए सहयोग की अपेक्षा जताई।

## मोदी की गांरटी पूरा करने की मांग को लेकर फेडरेशन का जंगी प्रदर्शन

**बिलासपुर।** फेडरेशन के प्रांती निकाय के अहवाहन पर मोदी की गांरटी लागू करने के प्रथम चरण के आंदोलन में 16 जुलाई को फेडरेशन के प्रांती संगठन मंत्री रोहित तिवारी, प्रांतीय पदाधिकारी सुनील कौशिक की उपस्थिति में जिला फेडरेशन द्वारा रैली निकाल कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।



फेडरेशन के महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी की गांरटी के तहत किए गए वादों के अनुरूप आज लगभग 2 वर्ष व्यतित हो जाने के बाद भी लागू नहीं करने से प्रदेश के कर्मचारियों में हतासा एवं आक्रोश है। राज्य शासन से इन मांगों को शीघ्र पूरा करने आंदोलन करने बाध्य होना पड़ रहा है। इन मांगों में केन्द्र के सामान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को महंगाई भत्ता, वेतन विसंगति दूर करने, चार स्तरीय वेतनमान प्रदान करने, कैशलेश चिकित्सा सुविधा, 300 दिनो का अर्जित अवकाश, संविदा, कार्यभारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने सहित 11 सूत्रीय मांग शामिल है। इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय शासन नहीं लेती है तो फेडरेशन के द्वारा 22 अगस्त को प्रांतव्यापी धरना प्रर्दशन किया जाएगा। इस मांग को लेकर जिले के कर्मचारी व अधिकारी आज पुराने कम्पोजिट बिल्डिंग के रजिस्ट्री कार्यालय के सामने परिसर में एकत्रित हुए। नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचकर फेडरेशन के प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर से भेंटकर मांगो के संबंध में चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। आज के प्रदर्शन में रोहित तिवारी, सुनील कौशिक, किशोर शर्मा, अजय कौशिक, राजेश पाण्डेय, राजेन्द्र दवे, विश्राम निर्मलकर, धीरज पलेरिया, पवन शर्मा, रामकुमार यादव, सुनील यादव, रमेश द्विवेदी, ओम त्रिपाठी, संजय बंजारे, विनोद तिवारी, अशोक गुप्ता, राजकुमार मिश्रा, सूर्यप्रकाश कश्यप, उमेंश कश्यप, कैलाश गजभिये, जगदीश सिंह, अमित नामदेव, आर.पी. मित्तल, सौमिश्र मिश्रा, लक्ष्मण पोर्ते, अशोक ब्रम्हभट्ट, गंगा प्रसाद गेंदले, डी.एस. डहरिया, एम. बंजारे, लता वासिंग, रामबाई चैधरी, मधु सूद, रजनी मेहर, गीता कुर्रे, सविता यादव, शीलवंती एक्का, शेफाली पाण्डेय, राखी तिवारी, पुष्पा श्रीवास्तव, श्वेता गंधर्व, दूर्गा मानिकपुरी, सुशीला एक्का, प्रीती जैम्स, अजन्ता रजक, कुशुमकाम्ता तिर्की, सीता क्षत्री, अजय ध्रुर्वे, देवेंद्र ठाकूर, दुर्गेश साहू, चन्द्रप्रकाश साहू, विनोद अहिरवार, राधे नेताम आदि शामिल रहें।

## कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए आरोप, डेढ़ साल में चौथी बार बढ़ाए गए बिजली के दाम




**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर डेढ़ साल भीतर चौथी बार बिजली के दाम बढ़ाने का आरोप लगाया है। बिजली दर की वृद्धि सहित इन सभी मुद्दों को लेकर कांग्रेस 18 जुलाई को सीएसईबी तिफरा कार्यालय का घेराव करेगी।

■ **जिला व शहर कांग्रेस कल करेगी तिफरा सीएसईबी कार्यालय का घेराव**

कांग्रेस के अध्यक्ष द्वय विजय पांडेय व विजय केशरवानी ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है और गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं। शहर अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के बाद रमन सिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटाकर 6 रुपए 20 पैसे किया गया।

## यूजीसी से मान्यता पश्चात कई प्राइवेट कालेजों का मामला अटका

# कालेजों की स्वायत्ता को लेकर यूजीसी सेक्रेटरी ने सभी विवि को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा देने के मामले को लेकर जिस तरह अटल यूनिवर्सिटी और डीपी कालेज के बीच विवाद चल रहा है। उसी तरह देश के कई प्राईवेट कालेज, संस्थानों को यूजीसी से स्वायत्ता का मान्यता मिलने के बाद मामला अटका हुआ है। इस विषय को लेकर यूजीसी के सेक्रेटरी ने सभी यूनिवर्सिटी को एक पत्र जारी किया है।

यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन यूजीसी के सेक्रेटरी ने कालेजों पर स्वायत्त स्थिति प्रदान करने और स्वायत्त कालेजों में मानकों के रखरखाव के उपाय विनियम का क्रियान्वयन के विषय में देशभर के सभी यूनिवर्सिटी को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि कालेजों की स्वायत्ता व्यापक आधार वाली गुणवत्तपूर्ण शिक्षा और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में सहायक है। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020




इस बात पर जोर देती है कि उच्च शिक्षा संस्थान उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण, अनुसंधान और सा मु दा यि क सहभागिता के साथ पाठ्यक्रम संचालित करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आयोग ने यूजीसी कालेजों पर स्वायत्ता स्थिति पदान करना और स्वायत्ता कालेजों में मानकों के रखरखाव के उपाय विनियम 2023 को अधिसूचित किया है। विनियमों में कालेजों की स्वायत्ता के लिए यूनिवर्सिटी की एक महत्वपूर्ण भूमिका की परिकल्पना की गई है। हालांकि यूजीसी के संज्ञान में यह आया है कि कई यूनिवर्सिटी संबद्ध कालेजों को 30 कार्य दिवस के भीतर स्वायत्ता स्थिति प्रदान करने के लिए यूजीसी पोर्टल पर कोई जवाब नहीं दे रहे हैं या जब यूजीसी द्वारा कालेज को स्वायत्ता प्रदान कर दी जाती है। कालेज को स्वायत्ता इकाई के रूप में कार्य करने के लिए 30 दिनों के भीतर अधिसूचना जारी करने में विलंब कर रहे हैं।

### कई यूनिवर्सिटी नहीं दे रही पूरी स्वायत्ता

यह भी देखा गया है कि कुछ यूनिवर्सिटी विनियमों के प्रावधानों के अनुसार स्वायत्त कालेजों को पाठ्यक्रम डिजाइन करने, नए पाठ्यक्रम शुरू करने और छात्रों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के तरीकों को विकसित करने आदि के मामले में पूरी स्वायत्ता नहीं देते हैं। कुछ यूनिवर्सिटी तो कालेजों को यूजीसी विनियमों के प्रावधानों के विरूद्ध नियम और शर्ते रखने वाले एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए कहते हैं। इसलिए यूजीसी सेक्रेटरी ने अपने पत्र के माध्यम से सभी यूनिवर्सिटी को कालेजों पर स्वायत्त स्थिति प्रदान करना और स्वायत्त कालेजों में मानकों के रखरखाव के उपाय विनियम को अक्षरशः लागू करने कहा है।

## एजुकेशन प्लस

### ड्रीमलैंड हायर सेकेंड्री स्कूल में शपथ ग्रहण समरोह




**बिलासपुर।** आज ड्रीमलैंड हायर सेकेंड्री स्कूल में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इसमें चार हाउस अजंता एलोरा नालंदा तक्षशिला के ग्रुप लीडर्स अपने ग्रुप के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ड्रीमलैंड की प्राचार्य निवेदिता सरकार ने सभी हाउस लीडर को बैच और सैसे से सम्मानित किया । अजंता हाउस की संचिता, एलोरा हाउस की आशा, नालंदा हाउस की दिव्या व तक्षशिला हाउस की डा. रीतू ने अपने - अपने हाउस का पदभार सम्हाला। स्कूल कैप्टन के लिए अभिनव गौडा व अनन्या ठाकुर तथा हेड बाँय सक्षम सिंह, हेड गर्ल स्नेहा साहू को चयनित किया गया। ड्रीमलैंड हायर सेकेंड्री स्कूल की प्राचार्य निवेदिता सरकार ने बताया की किस प्रकार विद्यार्थियों को अपने हाउस में रहकर स्कूल के नियमों का पालन करना है और सभी कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपने ग्रुप को विजयी बनाना है । कार्यक्रम का संचालन सैवल ने किया।

### एलसीआईटी स्कूल में नव-निर्वाचित छात्र परिषद् सदस्यों ने ली शपथ




**बिलासपुर।** एलसीआईटी पब्लिक स्कूल ने 12 जुलाई को अपने इंवेस्टिचर समारोह का भव्य आयोजन किया। जूनियर बड्स (कक्षा I से V) और ब्लूम्ड सीनियर्स के नव-निर्वाचित छात्र परिषद् सदस्यों ने अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण की शपथ ली। समारोह के मुख्य अतिथि उपकार राय थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्चना शुक्ला, शुभी श्रीवास्तव, अभिनव पॉल, डॉ. रितेश जैन, डॉ. संदीप गुप्ता, शिवानी जैन तथा विद्यालय के प्राचार्य पी. जे. सेबास्टियन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक प्राचार्य ने सभी छात्र नेताओं को ईमानदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने नेतृत्व व जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। 2025-26 के लिए निर्वाचित छात्र परिषद् सदस्यों में हेड बॉयः तेजस शर्मा, हेड गर्लः दिव्यांशी गौर वाइस हेड बॉयः श्रीजन बिंदल, वाइस हेड गर्लः माहि अग्रवाल, स्पोर्ट्स कैप्टनः आदित्य देव, संस्कृतिक सचिवः नव्या भारद्वाज, डिबेटिंग सोसाइटी की अध्यक्षः अनन्या पांडे, डिबेटिंग सोसाइटी की उपाध्यक्षः मौसमी चक्रवर्ती रहीं।

### एलसीआईटी कॉलेज बिलासपुर के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग में प्रवेश प्रारंभ

**बिलासपुर।** एलसीआईटी बिलासपुर के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्रों ने अंतिम वर्ष के परिणामों में दिखाई श्रेष्ठता । नए सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ। एलसीआईटी कॉलेज बिलासपुर के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और परिश्रम से संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। हाल ही में घोषित विश्वविद्यालय परिणामों में सीएसई विभाग के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 98% से अधिक सफलता दर प्राप्त की। कॉलेज के चेयरमैन प्रमोद जैन ने कहा कि छात्रों की यह सफलता हमारे शिक्षकों की मेहनत, समर्पित शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है। उप-प्राचार्या शुभी श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों को भविष्य में बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। विष्णुकांत सोनी ने बताया कि सीएसई शाखा में विद्यार्थियों को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग, कोडिंग प्रतियोगिताओं और इंटर्नशिप का भी लाभ दिया गया। कई छात्रों को प्रतिष्ठित आईटी कंपनियों से प्लेसमेंट ऑफर भी मिले हैं। कॉलेज में नया सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी प्री-एंजीनियरिंग टेस्ट एवं जीईई के आधार पर सीएसई सहित अन्य शाखाओं में प्रवेश ले सकते हैं।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

सम्मान

## अंतरराष्ट्रीय शबद कीर्तन स्पर्धा में बिलासपुर की बेटी ने बनाया स्थान



**बिलासपुर।** आओ बनिए गुरसिख प्यारा व परमस क्रिएटिव नेस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय शबद कीर्तन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर बिलासपुर की बेटी हरमीत कौर ने न्यायधानी का मान बढ़ाया है। गोंड़पारा गुरुद्वारा स्त्री सत्संग की अध्यक्ष मीना सलूजा ने सिरोपा एवं मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया। प्रतियोगिता में खरियार रोड ओड़िशा की मिलप्रीत कौर गुरुदत्ता ने प्रथम व राजनांदगांव की परमजीत कौर ने द्वितीय और बिलासपुर की हरमीत कौर उबेजा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया। गुरमीत सिंह गुरदत्ता ने बताया कि इस आयोजन में भारत, कनाडा, बेल्जियम, इंग्लैंड के बच्चों एवं राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, वेस्ट बंगाल से चयनित हुए लगभग 200 बच्चों ने हिस्सा लिया था। एक माह तक सिख इतिहास, गुरमत ज्ञान और शबद कीर्तन जैसे तीन बार की प्रस्तुतियों को पार कर विजयी हुई हैं।

समारोह

## शिव स्तुति, राम भजन की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**बिलासपुर।** नृत्यधारा डांस अकादमी की निर्देशिका आंचल पाण्डेय एवं उनके सहयोगी साथी श्रुति देवांगन, रूचि देवांगन, उदिति कौशिक, अनन्या साओ, नीमरित पात्रा, स्वस्तिका दुबे, आरोही राठौर ने भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित 39वीं श्रद्धांजलि समारोह में कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसमें शिव स्तुति और राम भजन की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दो दिवसीय श्रद्धांजलि समारोह में देश-विदेश से आए एक हजार से ज्यादा कलाकारों ने सुबह 9 से रात 9 बजे तक अलग-अलग विधाओं में बेहतरीन प्रस्तुति दी एवं गुरु डॉ. देबा प्रसाद को अपनी नृत्य कला के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वाणिज्य, परिवहन, इस्पात खान मंत्री विभूति भूषण जेना, पद्मश्री अरुणा मोहंती, पद्मश्री इलियाना सितारिस्टी और गुरु गजेंद्र पांडा ने कलाकारों को सम्मानित किया।

आयोजन

## बैठक में आनन्द आश्रम को लेकर चर्चा, भविष्य की बनाई कार्ययोजना



**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ एवं सेंट्रल बंगाली एसोशिएशन की संयुक्त बैठक अनुभव भवन में रखी गई। इसमें मोपका में बंगाली एसोशिएशन द्वारा वरिष्ठजनों के लिए निर्मित सर्व सुविधायुक्त आश्रम को सुचारू रूप से चलाने आर्थिक सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस आश्रम में ऐसे बुजुर्ग दम्पती या एकल व्यक्ति जो अकेलापन महसूस या अपने को असुरक्षित महसूस करते है वे यहां आंशिक शुल्क में रहना, खाना कर सकते हैं। वे इसके लिए अरविन्द दीक्षित या आरएन चटर्जी से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में आरएन चटर्जी, पीपी भादुड़ी, अरविन्द दीक्षित, डॉ सत्यभामा अवस्थी, अनिल व्यास, अमित चक्रवर्ती, मंजुला गुहा, रामनारायण राव, बीसी गोल्डर, नित्यानंद अग्रवाल, सुधाकर बीबे, भक्तिमय चौधरी, असित दास, मिहिर नाग उपस्थित थे। इन सभी की सहमति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए एवं भविष्य की कार्ययोजना बनाई गई।

कार्यक्रम

## पौधों के संरक्षण को लेकर स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**बिलासपुर।** आनंद सागर सेवा प्रवाह के सदस्यों ने वृक्षारोपण एवं समग्र जागरूकता कार्यक्रम किया। इसमें बच्चों में पर्यावरण जागरूकता व वृक्षों के संरक्षण हेतु चेतना व देश प्रेम जागृत करने का प्रयास किया गया। गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई। संस्था की उपाध्यक्ष ने बच्चों को गीत- इतनी शक्ति हमें देना दाता..गाकर सिखाया और समझाया गया कि हम



सदैव ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करें। संयुक्त परिवार का महत्व भी बताया गया। यातायात जागरूकता के लिए भी समझाया गया कि घर में जो भी गाड़ी चलाते हैं वह बिना हेलमेट के घर से न निकले। संस्था की अध्यक्षा डॉ सुषमा पंड्या ने समग्र चेतना के बारे में बताया। प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी माल्या के जन्म दिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। चेतना अभियान में संकुल प्रभारी श्री पांडेय, श्री सूर्यवंशी, संस्था के कोषाध्यक्ष पं. बाबूलाल पंड्या, उपाध्यक्ष समिता दास गुप्ता, सदस्य ज्योत्सना मिश्रा, निहारिका श्रीवास सहित शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। समग्र चेतना अभियान पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा चलाया गया अभियान चेतना अतुलनीय बिलासपुर सुरक्षित बिलासपुर का ही जागरूकता अभियान है। यह आयोजन प्राथमिक शाला बरेली में किया गया।

डीपीएस में पाठ्येत्तर शैक्षणिक गतिविधियों के तहत आयोजन

# अंतर सदनीय जल रंग चित्रकला स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में पाठ्येत्तर शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत अंतर सदनीय वाटर कलर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।













हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की कला बस्तर कला का जश्न मनाने आयोजित इस बहुप्रशंसित कला प्रतियोगिता जल रंग अन्वेषण का उद्देश्य भारत की समृद्ध आदिवासी विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाना और छात्रों को रंगों व ब्रश के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना था। छात्रों ने उत्साहपूर्वक, जटिल पैटर्न, मोटी रेखाओं और बस्तर कला की विशिष्ट मिट्टी के रंगों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कलाकृति में प्रकृति, आदिवासी जीवन, पशु और पौराणिक कथाओं जैसे विषयों को दर्शाया गया था, जो सभी बस्तर सौंदर्य शास्त्र के अभिन्न अंग हैं। छात्रों ने आदिवासी नर्तकियों, वन्य जीवों और ग्रामीण दृश्यों जैसे पारंपरिक रूपांकनों से प्रेरणा ली और उन्हें जल रंगों का उपयोग कर अपनी कल्पनाशील रचनाओं में ढाला।

### इन्होंने बनाया स्थान

स्पर्धा में गंगा सदन से अनुप्रिया दुबे प्रथम, मयूरी चौधरी द्वितीय, ब्रह्मपुत्र सदन से विभा सिंह ठाकुर, प्लाक्षी सिंह चौहान संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम संयोजिका सुरेखा तिवारी रहीं।

### प्रधानाचार्य ने की बच्चों के प्रयास की सराहना

प्रतियोगिता का मूल्यांकन रचनात्मकता, विषय के प्रति ज्ञान, तकनीक और मौलिकता के आधार पर किया गया। प्रधानाचार्य जसपाल सिंह मथ ने सभी प्रतिभागियों की पारंपरिक कला को पूरी लगन से समझने और उसकी चित्रात्मकता प्रदर्शन करने के उनके प्रयासों की सराहना की।





### युवा प्रतिभाओं को किया प्रेरित

विशेष प्रार्थना सभा में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपने कलात्मक कौशल को निखारा, बल्कि स्वदेशी कला और संस्कृति की गहरी समझ भी विकसित की। जल रंग प्रतियोगिता एक रचनात्मक माध्यम और एक शैक्षिक अनुभव दोनों साबित हुई। जिसने विरासत के प्रति सम्मान को बढ़ावा दिया और साथ ही युवा प्रतिभाओं को भी प्रेरित किया।

## मनोकामना अनुसार करें विभिन्न द्रव्यों से भोलेनाथ का अभिषेक

पीतांबरा पीठ में चल रहे श्री महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ के दौरान पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने कहा कि भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए सबसे अच्छा उपाय रूद्राभिषेक को माना जाता है। इसका अर्थ मंत्रोच्चार करते हुए विभिन्न द्रव्यों और पदार्थों से शिवलिंग का अभिषेक करना होता है।

**बिलासपुर।** डॉ पाण्डेय ने कहा कि अलग-अलग मनोकामना की पूर्ति के लिए अलग-अलग द्रव्यों से भगवान शिव का रूद्राअभिषेक करना चाहिए। यदि कोई असाध्य रोग से पीड़ति है या फिर जातक की कुंडली में रोगेश की दशा चल रही हो तो ऐसे में कुशा जल, धन प्राप्ति के लिए गन्ने के रस, धन वृद्धि के लिए शहद व घी, संतान सुख और परिवार में खुशहाली की कामना हैं तो दूध, ज्वर से मुक्ति पाने गंगा जल या शीतल जल से भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए। माना जाता है कि इससे तेज ज्वर से भी राहत मिलती है। तेज बुद्धि पाने दूध में शक्कर, खांड मिलाकर रुद्राभिषेक करें। माना जाता है कि यदि कोई मंदबुद्धि भी शक्कर खांड



या मिश्री मिश्रित दूध से अभिषेक करता है तो उसकी बुद्धि भी तेज हो जाती है। भूमि-भवन व वाहन प्राप्ति के लिए दही, शत्रु से बचने सरसों के तेल से भगवान शिव का रूद्राभिषेक करवाना चाहिए।

## आम्रपाली को मिला सावन सुंदरी का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मित्र मंडल नेहरू नगर महिला विंग का सावन उत्सव एक निजी होटल में संपन्न हुआ। इसमें आम्रपाली सोमावार को सावन सुंदरी का खिताब मिला। प्रीति हांडे को लकी क्वीन, आरती ठाकुर, प्रमिला देवांगन को ग्रीनी क्वीन व पंक्चुअलिटी का इनाम वर्षा तोपखाने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. मधुमिता मूर्ति सिम्स, विशिष्ट अतिथि डा. राजेश्वरी उद्देश्य गायनेकोलॉजिस्ट, डा.रेणुका पिंगले समाज कल्याण विभाग अधिकारी नगर निगम, मुन्नी कृष्णमूर्ति बांधी थीं। अध्यक्षता सत्यभामा अवस्थी ने की। निशा गुप्ता, सोनल मिश्रा, सरिता गुप्ता, सुमन द्विवेदी, अश्विनी राय, सीमा धृतेश, ऊषा घेरकर, अर्चना ललित, ज्योत्स्ना मिश्रा, अंजू यादव, वंदना ठाकुर, रचना सिंह, अरूणा गुप्ता, रुक्मिणी जोगी, सपना चंदानी ने सावन के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। पूजा खन्ना व सुनीता चौरसिया की युगल प्रस्तुति ने शमा बांध दिया। हास्य योग के सदस्य



मित्र मंडल नेहरू नगर महिला विंग ने मनाया सावन उत्सव



गीता कोन्हेर, अर्चना मिरी, संगीता अनेवार ने तनाव मुक्त रहने के लिए महिलाओं को स्वागत एवं तारीफ लाफ कराया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका शुभांगी प्रीति गुप्ता, अर्चना मिरी, मणि बंजारा, मीली सिंह, छाया तिवारी, शकुंतला बंजारे, सोनम ध्रुव, श्रद्धा शर्मा, स्मिता शुक्ला, अनिता मेरसा, निशा केसरवानी, सुदेशना शर्मा, नीलिमा रात्रे, आकांक्षा दुबे का सहयोग रहा।

# जीवन में विचारों का बहुत बड़ा योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हमारे जीवन में विचारों का बहुत बड़ा योगदान है। हम लगातार सोचते रहते हैं और जो सोचते हैं वह किसी को दिखाई भी नहीं देता है, लेकिन वह बहुत गुप्त रीति से जीवन का निर्माण करता जाता है। हमारे विचार जैसे होते हैं वैसे हमारा कर्म होते हैं। श्रेष्ठ विचार ही श्रेष्ठ कर्म का निर्माण करता है।

उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय टेलीफोन एक्सचेंज रोड की मुख्य सेवा केंद्र राजयोग भवन में मुख्यालय माउंट आबू से आए बीके रामनाथ भाई ने कही। उन्होंने कहा कि कर्म करने के लिए हम स्वतंत्र हैं लेकिन फल के लिए हम बंधित है। चाहे या न चाहे भोगना ही पड़ता है। ईश्वर ने हमें विवेक शक्ति उपहार के रूप में दिया है। हम सभी अपने विवेक शक्ति का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र हैं। विवेक शक्ति अर्थात सही व गलत की परख है। उन्होंने बताया कि कर्म सिद्धांत का ज्ञान कोई अंधविश्वास परंपरा या रिवाज पर आधारित नहीं है। सृष्टि का अविनाशी नियम और परम सत्य है। जिसके पास पुण्य का खाता जमा हैं उसका भविष्य सुख, शांति, संपत्ति से संपन्न होगा और जिसके जिसने पाप कर्म किया है उसका भविष्य दुख, अशांति और अभाव से पीड़ित होगा।



- राजयोग भवन में माऊंटआबू से आए भाई का वक्तव्य



### संकल्प व कर्मों को बनाएं शुद्ध

भाईजी ने कहा कि जीवन में हेल्थ वेल्थ हैप्पीनेस के लिए हमें अपने संकल्प और कर्मों को शुद्ध बनाना होगा। शरीर को स्वस्थ रखने की विधि तन को ईश्वरीय कार्य में लगाना है। तन से ईश्वरीय सेवा निरोगी काया का वरदान देता है। सुख या दुःख ईश्वर नहीं देता है। व्यक्ति के अपने कर्म ही सुख-दुःख का कारण है। घर गृहस्थ में रहते हुए थोड़ा-थोड़ा समय निकालकर ईश्वरीय सेवा में अपना समय जरूर दें।

कार्नर न्यूज

भाई-बहनों के अटूट प्यार का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त को

# बहनें परदेश में रहने वाले भाइयों के लिए पार्सल से भेजने लगीं राखियां

भाई-बहनों के अटूट प्यार का पर्व रक्षाबंधन इस साल 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। बहनें महानगरों एवं विदेशों में रहने वाले भाइयों के लिए पार्सल से राखी भेजना आरंभ कर दी हैं। उनका कहना है कि रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर भाइयों की कलाई सूनी न रहे, इसलिए 15 दिन पहले से ही राखी भेज रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा के वचन का पर्व है। जिसे सावन मास की पूर्णिमा के दिन पूरे श्रद्धा भाव से मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई उन्हें जीवन भर रक्षा का वचन देते हैं। यह पर्व सभी भाई-बहनों के लिए खास होता है। सभी बहनों का प्रयास रहता है कि वे अपने भाई की पसंद वाली राखी बांधे।

वहीं महानगरों एवं विदेशों में रहने वाले लोगों की बहनें तो भाइयों के लिए राखी भेजने काफी सक्रिय हो गईं हैं। उनके द्वारा अभी से राखी खरीद कर पार्सल से बार्डर पार राखी भेजी जा रही है।

एंथोनी राखी शॉप तारबाहर नाका के संचालक ने बताया कि पार्सल राखी सभी साइज व रेट में मिल रही है। बहनें अपनी पसंद के अनुसार खरीदी कर रही हैं। अभी तक उनके दुकान से इंदौर, आगरा, जबलपुर, कोरबा, लखनऊ सहित विदेश भेजने के लिए लोग पार्सल राखी की खरीददारी कर चुके हैं। रक्षासूत्र बांधने का सबसे शुभ समय 9 अगस्त को अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजे से लेकर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।











### लुभाएगी गणेश की मुखाकृति वाली राखी

विक्रेताओं के अनुसार इस बार राखियां 10 से 15 फ़ीसदी महंगी हुई हैं लेकिन राखियां डिजाइनर व आकर्षक है। खासकर श्री गणेश की मुखाकृति, कार्टून वाली एवं मेटल की राखियां सभी को लुभाएगी। ननद-भाभी के लिए लूंबा राखी पसंद किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### राजेंद्र ने पत्नी के साथ शिव मंदिर में किया जलाभिषेक



**बिल्हा।** कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला ने विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 के अंतर्गत श्रावण मास के प्रथम सोमवार को अपनी धर्मपत्नी अनीता शुक्ला जिला पंचायत सदस्य के साथ मोहभट्ठा स्थित स्वयंभू भगवान शंकर का जलाअभिषेक एवं पूजन कर सभी क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना की।

### सीएम ने किया वेटलिफ्टर जयदीप को सम्मानित

**लोरमी।** नगर के युवा वेटलिफ्टर जयदीप वैष्णव ने रायपुर में आयोजित वैष्णव महाअधिवेशन में खेल के क्षेत्र में सीएम विष्णु देव साय एवं डिप्टी सीएम अरुण साव , विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री भूपेश बघेल के हाथों सम्मान प्राप्त किया। जयदीप अब तक वेटलिफ्टिंग में 12 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक हासिल समाज एवं क्षेत्र को गौरान्वित किया है।

## निधन

### सावित्री गुप्ता



**बिलासपुर।** पाम एन्क्लेव निवासी सावित्री गुप्ता का 16 जुलाई को निधन हो गया। वे 64 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से 17 जुलाई को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए जाएगी। वे कमल नारायण गुप्ता (खड़गपुर वाले) की पत्नी, स्वर्गीय ढाउराम शाह सदर बाजार वाले की पुत्री थीं।

### राजकुमार यादव



**बिलासपुर।** किलावार्ड जूना बिलासपुर निवासी राजकुमार यादव( बल्ला) का बुधवार 16 जुलाई को निधन हो गया। वे 51 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मधुबन स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे धनसाय यादव के पुत्र एवं अंशु यादव व सिद्धी यादव के पिता थे।

### दामोदर मिश्रा



**बिलासपुर।** नर्मदा नगर निवासी जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता दामोदर मिश्रा का 16 जुलाई को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 17 जुलाई को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे डॉ. सुनीता मिश्रा के पति, ऋषभ मिश्रा, रुचि मिश्रा के पिता एवं रविश मिश्रा के ससुर थे।

### गीता कौशिक



**बिलासपुर।** तखतपुर के ग्राम नगोई निवासी गीता कौशिक का निधन 15 जुलाई को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज गृह ग्राम नगोई में किया गया। वे कौशल प्रसाद कौशिक की माता, दीपक,रोशन, रोशनी और ज्योति कौशिक की दादी थीं।

### पुष्पा ठाकुर



**तखतपुर।** रामनगर टिकरीपारा निवासी पुष्पा ठाकुर 65 वर्ष का 16 जुलाई को निधन हो गया। वे तिलक सिंह ठाकुर की मां और टीकम, राजेश, दीपक, सतीश, मनीष की बड़ी मां थी। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## स्कूल के मैदान में भरा कीचड़, बच्चे हो रहे परेशान

# स्कूली बच्चों के लिए आफत बना नर्मदा नदी पर निर्मित

**मैदान में पानी भरे होने से जहरीले जीव जंतु के आने का भी अंदेशा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नदी पर पुल बनना आवागमन के लिए सुलभ साधन होता है परंतु पड़रिया में नर्मदा नदी पर बना पुल स्कूली बच्चों के लिए आफत बन गया है।

नर्मदा नदी के ऊपर लोक निर्माण विभाग की ओर से पुल बनाया गया है यह पुल स्कूल के ठीक बगल से बना हुआ है जब पुल बना तो उसके किनारे कांक्रीटिंग न कर मिट्टी डाल दी गई है और इसी वजह से मिट्टी कटते हुए पड़रिया के प्रायमरी और मिडिल स्कूल के मैदान पर पहुंच गया है और स्कूल का मैदान पानी से भरा हुआ है। वहीं पूरे मैदान पर कीचड़ भी फैला हुआ है और इसके कारण पड़रिया स्कूल में पढ़ने वालों बच्चों को भारी परेशानी हो रही है। बच्चे दिनभर पानी से ही निकलकर क्लास में जाते हैं। और स्कूल जाने के बाद वे स्कूल के कक्षों में ही सिमट कर रह जाते हैं। पूरा मैदान पानी से लबालब भरा हुआ है। बच्चों को प्रार्थना करने, खेलने, स्कूल जाने, रसोइया को मध्यान्ह भोजन बनाने सहित अन्य समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी यदि इसी तरह विद्यालय परिसर में भरा रहा तो बच्चों को बीमारी भी हो सकती है। जिस समय पुल का निर्माण हो रहा था तब विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों ने पुल के किनारे विद्यालय के आते तक कांक्रीटिंग करने को कहा था लेकिन स्कूल की बात को ठेकेदार ने अनसुना कर दिया और इसका खामियाजा छोटे छोटे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। पानी के मैदान में भरे होने से जहरिले जीव जंतु के आने की भी अंदेशा है और पालक भी डरे हुए है। कि कहीं बच्चों को कुछ हो न जाए।



स्कूल मैदान पर भरा बारिश का पानी।

# बारिश के बाद भी नशामुक्ति कार्यक्रम में शामिल हुई महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

लगातार होती बारिश के बावजूद लुतरा की सैकड़ों महिलाएं मंगलवार को आयोजित सियान चेतना एवं नशामुक्ति जनजागरण कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता थाना प्रभारी गोपाल सतपथी रहे, जिनका ओजस्वी संबोधन सुनने महिलाएं घंटों पानी में बैठी रहीं। टीआई गोपाल सतपथी ने 'बूढ़ादेव की जय' और 'मातृशक्ति को नमन' के साथ भाषण की शुरुआत की और कहा कि गांव को नशामुक्त बनाने सामूहिक सहभागिता बहुत जरूरी है। जिस दिन मैं कार्रवाई करूंगा, उस दिन शराब माफिया पानी तक नहीं मांग पाएंगे। उन्होंने खांडा गांव में सफाईकर्मी बनकर शराब पकड़ने की घटना का उल्लेख कर बताया कि कैसे वह लगातार छुपे हुए अपराधों को उजागर कर रहे हैं। साथ ही डायल 112 के सही उपयोग पर जोर दिया। टीआई ने महिलाओं से आह्वान किया कि आपका संगठन कभी टूटना नहीं चाहिए। नारी शक्ति ही गांव की रक्षा दीवार है। महिलाएं जब संगठित होंगी तभी गांव को नशा से मुक्त किया जा सकता है। इसके लिए पुलिस आपकी पूरी मदद करेगी। टीआई ने पंचायत को एक फॉर्मेट सौंपने की बात कही, जिसमें गांव में आने वाले बाहरी व्यक्तियों की जानकारी दर्ज की जाएगी। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद सदस्य देवेश शर्मा, सरपंच चंद्रमणि मरावी, सीपत प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, पत्रकार रियाज अशरफी, हरीश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, लुतरा पूर्व सरपंच नारायण सिंह, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता ढोलाराम कैवर्त, प्रमोद साहिल, कार्तिक मरावी व थाना स्टाफ में एएसआई सहेत्तर कुर्रे, भारत सिंह मरकाम, प्रधान आरक्षक एमएस ठाकुर, प्रीतिदास, आरक्षक आकाश मिश्रा, वेंकटेश श्रीवास, अवधेश कश्यप उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल पुलिस अफसर व ग्रामीण महिलाएं।



## मेहनत और लगन से हर मंजिल प्राप्त कर सकते हैं: संतोष

**सकरी।** तखतपुर विकासखंड के ग्राम लाखासार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, मेहनत और लगन के दम पर हर मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है।

आप अभी विद्यार्थी जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जिसमें कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है। आप आज जो मेहनत करेंगे उसका शत प्रतिशत लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाला समिति के अध्यक्ष जनपद पंचायत तखतपुर उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि अभ्यास करने वाले को सफलता मिलती है, नियमित अभ्यास करें, असफलता से घबराने की जरूरत नहीं है। असफलता के बाद ही सफलता प्राप्त होती है, इसलिए लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर अभ्यास जारी रखना चाहिए। कार्यक्रम को शाला समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व जनपद सदस्य कृष्ण कुमार कौशिक, सरपंच संजय टंडन, प्रवीण कौशिक, दशरथ लाल पाण्डेय, बलराम बिंझवार, मांघे लाल नागेश, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष द्वय यशवंत दुबे, मनीष तिवारी, जोगी जलेश्वर, प्रवीण तिवारी, आनंद अवस्थी, पंच महेश पाल, कुणाल शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता निवेदिता तिवारी, जय जय शंकर तिवारी एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य लता सोन ने किया। इस अवसर पर रंजीता रानी, सुरेश शर्मा, भुनेश्वर कौशिक, सुषमा साहू, मनीषा निकुंज, अनामिका अग्रवाल, कंचन शुक्ला सहित शिक्षक-शिक्षिकाए, छात्र-छात्राएं एवं पालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विद्युत दरों को घटाने कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**लोरमी।** बिजली बिल की दरों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जिले के पदाधिकारी विद्युत कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। हालांकि पुलिस इस प्रदर्शन को लेकर पहले ही तैयार थी एवं कांग्रेसियों को बेरिकेट लगाकर पहले ही रोक दिया गया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने विद्युत विभाग के सहायक यंत्री एलएस माथुर, तहसीलदार शेखर पटेल, कनिष्ठ यंत्री खगेस नेताम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों और घरेलु विद्युत समस्याओं से अवगत कराते हुए चार बार की प्रति यूनिट दरों पर वृद्धि को वापस लेने की मांग की गई है। थानेश्वर साहू ने किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द निराकरण के लिए विद्युत अधिकारियों को अवगत कराया। सभा को जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, पूर्व प्रत्याशी थानेश्वर साहू , नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, अरविंद वैष्णव, संजीत बनर्जी, आत्मा सिंह, हेमिन मंगेशकर, मायारानी सिंह, हेमंत मानिकपुरी, नितेश पाठक ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अरुण कुलमित्र, नरेश पाटले, लखन कश्यप, प्रकाश वैष्णव, लक्ष्मीनारायण जायसवाल, सगीरा खान, बिंदु यादव, पार्षद सालीक बंजारे, शशांक वैष्णव, मोनू निषाद, धनंजय दुबे, रमेश कश्यप, कमलेश्वर जोशी, गणेश राजपूत, मनीष साहू, अभिलाष सिंह, पूरन साहू, रामप्रसाद पटेल, लकी सहित बड़ी संख्या में कांगेस के लोग उपस्थित रहे। संचालन महामन्त्री कृष्णा कुमार सोनी एवं अभिलाष जायसवाल ने किया।

### खोदाई करने से मना करने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** घर के पीछे खोदाई कराने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम बांधा निवासी गीता श्रीवास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 जुलाई की सुबह 11 बजे उसके घर के पीछे खेत से लगी दीवार को आरोपी रंजीत अग्रवाल और वेदप्रकाश अग्रवाल जेसीबी मशीन से खोदाई करा रहे थे इसे गीता ने जब मना की तो दोनों भाइयों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115, 2 296, 351, 2, 3, 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।



## खूंटाघाट जलाशय लबालब, छलका वेस्टवियर, पहुंच रहे पर्यटक

**रतनपुर।** रतनपुर स्थित खूंटाघाट जलाशय बिलासपुर और आसपास के क्षेत्र का सबसे बड़ा पर्यटन केंद्र है। बरसात के समय में सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र इसका वेस्टवेयर होता है, जो मंगलवार से चालू हो गया है। गर्मी के दिनों में बांध में केवल 23 प्रतिशत जल ही बचा था, इसके बावजूद पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश के चलते जुलाई महीने के आधा बीतने के साथ ही खूंटाघाट बांध में वेस्टवेयर आरंभ हो गया। पूरी तरह भर जाने के बाद बांध के लबालब होते ही अतिरिक्त पानी बहने लगा। यह नजारा किसी झरने की तरह होता है एवं इसे देखने के लिए हर साल की तरह पर्यटक पहुंचते हैं।

## एलबीडी स्कूल के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**करगी रोड कोटा।** एलबीडी इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने सुब्रतो कप में कमाल का प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के अंडर-15 एवं अंडर-17 फुटबॉल टीमों ने सुब्रतो मुखर्जी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जांजगीर को 8-0, कोरबा को 2-0 तथा पेण्ड्रा को 4-0 से हराकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की है। यह शानदार सफलता कोच तरुण साहू के मार्गदर्शन और खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, टीम भावना तथा उत्कृष्ट खेल कौशल का परिणाम है। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन समन्वय और रणनीति का प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय का मान बढ़ा। विद्यालय के निर्देशक आदित्य दीक्षित एवं प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है ,और यह सफलता आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

## हरदिहा पटेल समाज महासभा कार्यकारिणी की बैठक



**तखतपुर।** हरदिहा पटेल समाज मुंगेली राज महासभा कार्यकारणी की बैठक रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर बरेला में आयोजित हुई, जिसमे मुंगेली, बिलासपुर, कवर्धा, बेमेतरा जिले के बहत्तर गावों से सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सामाजिक नियमावलियों पर निर्णय लिया गया।

बरेला नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल लोकनिर्माण विभाग के सभापति हीरालाल पटेल, पार्षद नितेश पटेल, रमेश पटेल, पवन पटेल का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर हीरालाल पटेल ने सामाजिक विकास में समाजिक सहयोग पर जोर दिया। नरेश पटेल ने बरेला सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य हेतु दस लाख का सहयोग देने के साथ समाज का विकास के प्रमुख शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय में हो रहे नवीन यंत्रों का प्रयोग राजनैतिक विकास के साथ सामाजिक एकता पर बल दिया गया। महासभा अध्यक्ष अनिलचंद पटेल ने सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जनसेवा में लगे रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक परमेश्वर पटेल एवं आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य विनोद पटेल ने किया गया। इस अवर पर अनिलचंद पटेल, परमेश्वर पटेल, बेदराम पटेल, सभापति जनपद लोरमी जीवन पटेल, छत्तू पटेल, जनोहर पटेल, सुकालू पटेल, सुकचंद पटेल, राजा पटेल, डेरहा पटेल, मुकेश पटेल, राजेंद्र पटेल, बेदराम पटेल, शिक्षक राजकरण पटेल, नरेश पटेल, शहसराम पटेल, दुकलहा पटेल, सिद्धराम पटेल, असवंत पटेल, धनाजी पटेल, दुजराम राजाराम, पटेल पुरसोत्तम पटेल, राधेलाल पटेल, भारत पटेल, तिजऊ, मेघनाथ, जयराम पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।



## अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की तहसील शाखा तखतपुर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर हिमाचल साहू, वल्लभ रजक, अनूज नवरंग, लवकांत दुवेदी,आओ पी डहरीया, अमलेश पाली,एवं पी श्रीवास, उमर कुरैशी, विनोद शर्मा, ओमप्रकाश देवांगन, इंदराज सिंह, विरेन्द्र कश्यप, लक्ष्मीनारायण पांडेय, रमेश नेताम, एन के बघेल, शकुंतला क्षत्रिय, नंदिनी कश्यप, आरती, ज्योति पाल , प्रतिभा ठाकुर, रघुराम दुबे, भूपेंद्र कौशिक, राजीव कश्यप, शशीकांत सोनी, शेखर पांडेय, तिहारू राम के बर्मन संतोष कुमार धुर्वे धर्म पाल तिवारी आदि साथी उपस्थित रहे।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर आम सूचना प्रकाशित करा रहा हुं, मौजा जुना-बिलासपुर, पटवारी हल्का नं. 36, खसरा नं. 519/1 में से 2400 sqf भुमि का सौदा मेरे पक्षकार बंधु लाल मौर्य एवं महेश दुबे का सौदा दिपक कश्यप, एवं शरद पिता रामअवतार कश्यप, वार्ड क्रं. 34 से खरीदने का उपयुक्त भुमि का सौदा तय हुआ है। जिसको निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना है। अगर उपरोक्त भुमि पर किसी व्यक्ति, संस्था एवं बैंक को किसी भी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। उसके पश्चात किसी भी तरिके का आपत्ति अमान्य माना जायेगा।

अम्बरीष कुमार उपाध्याय
अधिवक्ता
कार्यालय/निवास
जगदम्बा कॉलोनी, आर.के.पेट्रोल पंप के पिछे, अशोक नगर, सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9981442132

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग
सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र

प्रति, आवेदक/आवेदिका भूपेन्द्र कुमार सिंह ठाकुर आ. सुखदेव सिंह आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी उत्तर- ईश्वर यादव दक्षिण भारती गोस्वामी, लक्ष्मीनारायण दुबे (भोला महराजा) राजेन्द्र सलूजा पूर्व रमेश श्रीवास, आशीष श्रीवास पश्चिम न्यायालय।
विषय-सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भः-न्याया तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक / क. तह./वा/ 2025 बोदरी दिनांक 28/05/25

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका भूपेन्द्र सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. सुखदेव सिंह जाति क्षत्रीय निवासी सरकंडा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.न. 01 रानिमं व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 381/4, 381/44, 318/3 319/3, 319/4, 319/5, 318/4, 382/1, रकबा 0.76, 0.84, 0.15, 0.25, 0.25, 0.25, 0.25, 0.15,0.74, एकड के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर /सीमांकन किये हेतु न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग. भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 23/07/25 को 12 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

टीप-उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, रा.नि.म. बोदरी
तह. बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग
सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र

प्रति, आवेदक/आवेदिका भूपेन्द्र कुमार सिंह ठाकुर आ. सुखदेव सिंह आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी उत्तर- मुरली नेमानी, जीया लाल नागराज, विजय विधानी, महेश विधानी दक्षिण पश्चिम जीवन विहार कालोनी पूर्व रास्ता।
विषय-सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भः-न्याया तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक / क. तह./वा/ 2025 बोदरी दिनांक 28/05/25

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका भूपेन्द्र सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. सुखदेव सिंह जाति क्षत्रीय निवासी सरकंडा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.न. 01 रानिमं व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 218/1, म.न. 2 रकबा 0.48 एकड के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर /सीमांकन किये हेतु न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग. भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 23/07/25 को 12 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

टीप-उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, रा.नि.म. बोदरी
तह. बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार-3 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/Q/ना. तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक:14.05.2025

ग्राम कुदुदण्ड के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुदुदण्ड प.ह.नं. 34 तहसील बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा EWS के लिए श्री शैलेन्द्र किशोर राय आ.स्व. बालेश्वर प्रसाद राय निवासी परिजात कॉलोनी नेहरू नगर द्वारा अपने आकाश राय के लिए आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 29.07.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 14.07.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सामान्य आवास योजना खमतराई एम.आई.जी.-II/39 संयुक्त नाम 1. सुश्री प्राची दुबे, 2.श्री देवांश दुबे के नाम पर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 65 दिनांक 03.04.2025 को नामांतरित है। आबंटी उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री अनन्य सिंह क्षत्री पिता श्री सुदर्शन सिंह क्षत्री को विक्रय करना चाहते हैं। आबंटी द्वारा उक्त भवन द्वितीय क्रेता को विक्रय करने के लिए विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन दिनांक 30.06.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
-: विवाह सूचना का प्रकाशन :-

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले./2025
बिलासपुर, दिनांक 11.07.2025

श्री सूर्यकांत सूर्यवंशी आत्मज स्व.बाबूलाल सूर्यवंशी माता श्रीमती गोदावरी सूर्यवंशी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बिरकोना थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी सुहानी पैगोर आत्मजा श्री योगेश पैगोर उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम नगोई थाना सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनांक 18.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



श्री दीपक सूर्यवंशी



कुमारी सुहानी पैगोर

ज्योति पटेल
विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, अतिरिक्त न्यायाधीश कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// समंस/नोटिस/ईश्तहार //

उ.प्र.क्र.02/2025
आदेश दिनांक 30.06.2025
पेशी तारीख : 30.07.2025
प्रोसेस क्रमांक : 391

लक्ष्मीन बाई विरुद्ध आवेदिका
आम जनता 1 अन्य अनावेदकगण
आम जनता (जो संबंधित हो)

इस न्यायालय में आवेदिका ने अनावेदकगण के विरुद्ध धारा 372 वास्ते उत्तराधिकार अधिनियम का आवेदन पत्र पेश किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 30.07.2025 को नियत है।

यह कि राजकुमारी मानिकपुरी पिता सुकृतदास मानिकपुरी की मृत्यु दिनांक 12.01.2025 को हो गयी है। मृतिका राजकुमारी मानिकपुरी पिता सुकृतदास मानिकपुरी ने अपने जीवनकाल में अनावेदक क्रमांक 02 सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा करगीरोड कोटा में बचत खाता खुलवाया था जिसका खाता कमांक 2171297740 है। मृतिका राजकुमारी मानिकपुरी ने अपने उपरोक्त खाता में नामिनी के रूप में अपने पिता सुकृतदास मानिकपुरी का नाम दर्ज कराया था, जिनकी मृत्यु दिनांक 19.05.2012 को हो गयी थी। मृतिका राजकुमारी मानिकपुरी के प्रथम वर्ग के वारिसान नही है, आवेदिका लक्ष्मीन बाई मानिकपुरी, मृतिका राजकुमारी मानिकपुरी की सगी बड़ी बहन है और एकमात्र उत्तराधिकारीगण है।

जिस किसी भी आमजन को उक्त आवेदन पत्र में कोई आपत्ति हो तो वह सुनवाई दिनांक 30.07.2025 को सुबह 11:00 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 30.07.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी। अतः आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(श्रीमति दीप्ति बरवा)
न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
अतिरिक्त न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
अतिरिक्त न्यायाधीश कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान प्रथम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)
नोटिस/समंस

MJC CIVIL-599/2025
आदेश दिनांक : 04/07/2025
पेशी दिनांक : 20/08/2025
प्रो.क्र.406

रमेश कौशिक ...आवेदक
//विरूद्ध//
आम जनता (जिस किसी का भी उससे संबंध हो)
अनावेदकगण

प्रति,

रमेश कौशिक उम्र 60 वर्ष पिता स्व. रामचरण कौशिक साकिन-ग्राम हरदीकला (टोना) पो. हरदीकला (टोना) तह. बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) इस न्यायालय में आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध ग्राम हरदीकला (टोना) प.ह.नं 03 रा.नि.मं बोदरी पूर्व तह. बिल्हा वर्तमान तह. बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 1806/4, 1807/2, 2077/2 रकबा 0.2430 हेक्टे., 0.660 हेक्टे., 0.3100 हेक्टे. भूमि जो नाबालिग सोमनारायण के नाम पर दर्ज है, को आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दू अप्राप्वयता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 सहपठित धारा 29, 31 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 अप्राप्तवय की स्थावर संपत्ति को आवेदन को नैसर्गिक संरक्षक नियुक्त करते हुए अंतरिम करने की आवेदक को अनुमति प्रदान करने बाबत पेश किया गया है। जिसमें उपरोक्त अनावेदकगण की उपस्थिति हेतु दिनांक 20/08/2025 को नियत है।

उक्त MJC CIVIL प्रकरण की पेशी दिनांक 20/08/2025 को आम जनता (जिस किसी का भी उससे संबंध हो) स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक तक कोई आपत्ति जवाब प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 20/08/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है, या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है, तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही / सुनवाई की जावेगी।

अतः आज दिनांक 15/07/2025 मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 15/07/2025
स्थान :- बिलासपुर

(शैलेष कुमार केतारप)
न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

## खबर संक्षेप

### शिव विवाह की भक्तिमय प्रस्तुति से गूंजा परसदा



**बिल्हा।** यातायात नगर वार्ड 9 में आयोजित संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य श्याम दुबे ने भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह की कथा का वर्णन किया, जिसमें शिव-पार्वती विवाह के गूढ़ आध्यात्मिक संदेश को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आयोजित शिव-बारात की भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही एवं हर हर महादेव के जयघोषों से पूरा कथा स्थल शिवमय हो गया। इस अवसर पर पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक एवं महामृत्युंजय मंत्र का जाप जाप किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य अर्जित किया। आयोजन के मुख्य यजमान दिलीप कौशिक, कीर्ति कौशिक गौटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### रहंगी स्कूल में तीसरी बार न्यौता भोज



**लोरमी।** ग्राम रहंगी की विद्यालय में मंगलवार को तीसरी बार न्यौता भोज का आयोजन किया गया। न्यौता भोज स्व मालिकराम साहू की स्मृति उनके सुपुत्र कृष्णा साहू की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। राज्य शासन की महती योजना निश्चित रूप से धरातल पर चरितार्थ होती दिख रही है। इस योजना से न केवल बच्चों गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध रहा है, बल्कि आमजनों तथा जन प्रतिनिधियों का स्कूल से जुड़ाव तथा सामुदायिक सहभागिता की सशक्त नींव तैयार हों रही है। इस अवसर पर प्रभारी संस्था प्रमुख सुषमा पांडे, चंद्रकांत डड़सेना, अभिजीत तिवारी, झुमुक राजपूत, अविदा परवीन, उमा कला मरावी, निशा पोर्ते, सुनीता टांडिया, हेमलाल तिवारी, कृष्णा साहू, नंद श्रीवास, रामायण, आंगनबाड़ी सहायिका, रसोईया एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बीईओ पटेल को स्थानांतरण पर दी गई विदाई



**मरवाही।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार पटेल के सक्ती विकासखंड में स्थानांतरण पर नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने उन्हें कार्यमुक्त किया। इस अवसर पर श्री पटेल का सम्मान कर उन्हें विदाई दी गई। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष जानकी खुसरो, जनपद उपाध्यक्ष अरविन्द जायसवाल, शुभम पेंद्रो, सीईओ विनय कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में उनकी कार्यकुशलता को यादकर उन्हें अपने नए कार्यक्षेत्र में नित नई उपलब्धियों को हासिल करने हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष अरविन्द जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन मिश्रा, नीरज राय, इंद्रपाल चंद्रा, कृष्णदत्त मिश्रा, मोहन मिश्रा, जीवन यादव, संजय टान्डिया, बलराम तिवारी, दीपक तिवारी, रविन्द्र मिश्रा, आशीष शुक्ला, गीता यादव, गौरी मिश्रा, रानू मिश्रा, लक्ष्मण झारिया कुंज बिहारी शुक्ला, शैलेष राय सहित कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

### खंड चिकित्सा अधिकारी ने किया आयुष्मान कार्ड शिविर का निरीक्षण



**दगोरी।** ग्राम दगोरी, पौसरी, अमेरी कापा ताला में आयुष्मान कार्ड बनाने लगाए गए शिविर का निरीक्षम कर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के गुप्ता ने कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा की जो लोग शिविर में नहीं आ रहे हैं, उनके घर जाकर उनका आयुष्मान कार्ड बनाएं। साथ ही वर्षा जनित रोगों को लेकर लोगों को जागरूक कर साफ-सफाई अपनाने के लिए प्रेरित करने के दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साही स्वास्थ्य विभाग के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों का लाभ सभी को दिलाने की बात भी कही। इस दौरान प्रमुख उपस्थित आरएमए शेलेंद्र श्रीवास्तव, आरएचओ उमा मनहर, रोहित कौशिक, सुरेश तिवारी, मितानिन ट्रेनर अलख नंदा सूर्यवंशी, फूलवती के साथ मितानिन शीतला देवी सन्नाट, रूपा, माहेश्वरी, तीजन साहू, संतोषी साहू, चमेली जयसवाल, श्यामा ध्रुव, निर्मला जांगड़े, राजेश मनहर के आदि उपस्थित थे। शिविर में दगोरी में 25, अमेरी कापा ताला में 11 तथा पौसारी में 35 की स्वास्थ्य आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

## जिम्मेदार अधिकारियों ने मरम्मत पर नहीं दिया ध्यान

# नपं में करोड़ों की मशीनें व वाहन रख रखाव के अभाव में कबाड़ में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

नगर पंचायत में करोड़ों की मशीनें व जरूरत के वाहन रख-रखाव के अभाव में कबाड़ हो गए, जिसकी सुध लेने की फुर्सत ना ही अधिकारियों को है और ना ही जनप्रतिनिधियों को।

नगर पंचायत मल्हार के लोगों को विभिन्न जरूरतों की पूर्ति के लिए सरकार ने लाखों करोड़ों की बजट देकर वाहनों की खरीदी कराई थी, परन्तु अब ये सभी मशीनें व गाड़ियां किसी काम के नहीं रह गए। इसमें कुछ महत्वपूर्ण मशीनें ऐसी भी हैं जो खरीदने के बाद चालू ही नहीं की गईं, जिसके कारण से पूरी तरह से खराब हो गईं। इसके अलावा स्वच्छ भारत अभियान तहत नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए कचरा उठाने वाले वाहन भी कंडम हो गए हैं, साथ ही 10 से ज्यादा ई-रिक्शा पूरी तरह खराब होकर मंगल भवन की शोभा बढ़ा रहे हैं।





**वाहनों का उद्घाटन भी नही**

नगर की स्ट्रीट लाइट में सुधार करने लाखों रुपए खर्च कर लिफ्टर मशीन की खरीदी की गई थी जो अब तक उपयोग में ही नहीं लाई जा सकी। खुले आसमान में पड़े होने से धूप एवं पानी की वजह से खराब हो चुकी हैं। इसी तरह नाली सफाई के लिए हाइड्रोलिक मशीन लाई गई थी, जिसे अब तक काम पर नहीं लगाया गया एवं ये कबाड़ होने की कगार पर है।

### रखरखाव की फुर्सत नहीं

वेक्यूम एम्पियर, पानी टंकी और लोडर मशीन कई वर्षों से खराब पड़ी है, जिसकी मरम्मत की फुर्सत किसी जिम्मेदार के पास नहीं है। इन मशीनों के खराब होने से नगरवासियों को मूलभूत जरूरतों के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, समय रहते इन वाहनों व मशीनों की मरम्मत करा ली जाती तो लाखों का नुकसान नही होता।

### स्वच्छ मल्हार का सपना अधूरा

स्वच्छ भारत अभियान को मूर्त रूप देने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से कचरा उठाने वाली बड़ी गाड़ियों के अलावा छोटे डम्पर व ई-रिक्सा प्रदान किए गए थे, जो अब पूरी तरह कबाड़ हो चुके हैं। इसके चलते नगर की समुचित सफाई नहीं हो पा रही है। मंगल भवन के खुले मैदान में 10 से ज्यादा लाखों रुपए की ई-रिक्सा कबाड़ की तरह पड़ी है, इसी तरह मैनुअल रिक्सा भी सभी खराब हो चुके हैं। इस वजह से स्वच्छता दीदियों को घर-घर जाकर कचरा कलेक्शन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### दान में मिली पानी टंकी भी खराब

चार माह पूर्व ही कालिंदी इस्पात प्रबंधन ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर के लोगों को पानी उपलब्ध कराने लाखों खर्च कर पानी टंकी उपलब्ध कराई, जो दो माह से सिर्फ एक चक्के की पंचर होने के कारण खड़ी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां के जिम्मेदार अधिकारियों में आम लोगो के प्रति कितनी संवेदनशीलता है।

### मरम्मत कराएंगे

वाहनों और मशीनों की जितनी भी खरीदी हुई है वो मेरे यहां आने से पहले की है। फिर भी जो भी खराब है उसकी मरम्मत कराएंगे और कचरा उठाने वाले मैनुअल रिक्शों को सुधरवाने 50 हजार खर्च किया जाएगा। इसके अलावा कचरा प्रबंधन के लिए सिटी प्लानिंग के तहत 10 नई ई-रिक्शा की मांग की है।

**- मनीष सिंह**, सीएमओ नपं मल्हार



कैप्टन प्राची का सम्मान करते नगर अध्यक्ष व नागरिक।

# रतनपुर आगमन पर कैप्टन प्राची का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

भारतीय सेना के आर्मी मेडिकल कोर में कैप्टन के पद पर पदस्थ प्राची शर्मा का बुधवार को रतनपुर आगमन हुआ, जिनका महामाया चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर पालिका के पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर नगरवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे एवं पुष्पवर्षा और नारों के साथ अपनी वीरांगना बेटी का अभिनंदन किया।

कैप्टन प्राची शर्मा रतनपुर के शिक्षक अनिल शर्मा और शिक्षिका मीरा शर्मा की सुपुत्री हैं। उन्होंने जनवरी 2023 में कर्नाटक के बेलगांव स्थित आर्मी ट्रेनिंग सेंटर से अपने सैन्य करियर की शुरुआत की। अपने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा के प्रति निष्ठा के चलते मात्र चार माह में उन्हें लखनऊ में कैप्टन पद के लिए विशेष प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होते ही 25 जुलाई 2023 को उन्हें जम्मू-कश्मीर के सामरिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील सांबा सेक्टर में नियुक्ति मिली। यहीं पर उन्होंने साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए ऑपरेशन सिंदूर जैसे जोखिम भरे अभियान में भाग लिया और विषम परिस्थितियों में मातृभूमि की रक्षा की। उनके इस अद्वितीय योगदान ने न केवल रतनपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। नगर पालिका अध्यक्ष लव कुश कश्यप ने कहा कि रतनपुर के लिए यह गर्व की बात है कि हमारी बेटी ने सेना में हमारे नगर का मान बढ़ाया। उस मां को नमन है, जिसने ऐसी वीरांगना को जन्म दिया। अपने इस भव्य स्वागत में कैप्टन प्राची शर्मा ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी ताकत उनके माता-पिता और नगरवासियों का आशीर्वाद है।

### बैगा बाहुल्य अतरिया में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन शिविर



**लोरमी।** दूरस्थ वनांचल बैगा बाहुल्य ग्राम अतरिया में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रमीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया एवं परामर्श दिया गया। कलेक्टर के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में कुल 44 मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी के 5, बुखार व सर्दी-खांसी व बुखार के 8, दाद-खाज-खुजली के 7, बीपी के 0, कमजोरी एवं हाथ-पैर दर्द के 11, कान दर्द के 1, चर्मरोग के 3, दांत दर्द व एनएनसी के 2 एवं आंख संबंधी बीमारी के 3 मरीजों की जांच की गई।

### बोल बम कांवरिया समिति ने निकाली कावड़ यात्रा



**लोरमी।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के प्रथम सोमवार को बोल बम कांवरिया समिति के सदस्यों ने 13 किलोमीटर पैदल चलकर अमरकंटक नर्मदा कुंड से जल लेकर जलेश्वर महादेव एवं अमरेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि बोल बम कांवरिया समिति की ओर से विगत 8 वर्षों से लगातार कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा में पार्षद सोहन डड़सेना, राजू ढीमर, सूरज राजपूत, संजय राजपूत, इतवारी यादव, बलराज सिंह राजपूत, धीरज जायसवाल, रमेश सिंह राजपूत, विनोद साहू, अंकित सिंह, राम धुन राजपूत, दिनेश सिंह राजपूत, नितिन साहू, शिवनारायण राजपूत, सरजू ध्रुव, लिटिल मास्टर अंश डड़सेना आदि मौजूद रहे।

### वंशकार परिवार का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना



**सीपत।** श्रावण मास की पावन शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में भगवान शिव के भक्तों का उत्साह चरम पर है। हर साल की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी सीपत से वंशकार समाज के दर्जनों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए कांवड़ यात्रा पर रवाना हुए। बोलबम, हर-हर महादेव के जयघोष और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने सीपत से पवित्र गंगा जल लेने और उसे बाबा बैद्यनाथ को अर्पित करने की तैयारी के साथ यात्रा शुरू की। जत्थे में शामिल श्रद्धालु पारंपरिक भगवा वस्त्र, कंधों पर सजी हुई कांवड़, और मन में बाबा भोलेनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा लेकर रवाना हुए। जत्थे के प्रमुख सदस्यों ने बताया कि यह यात्रा न केवल धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि समाज की एकता और आस्था का प्रतीक भी है।

### प्रदूषण रोकने में अहम भूमिका निभाएंगे पेड़



**तखतपुर।** एमआर मेमोरियल विद्या मंदिर खरकेना में एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य योगेश साहू शामिल हुए और अपने विचार रखते हुए कहा कि जिस तरह से एक मां अपने बच्चे का पालन पोषण करती है उसका देखरेख करती है ठीक उसी तरह हमें भी पौधों की देखरेख करनी है। यह पौधा वृक्ष बनकर प्रदूषण रोकने में अपनी भूमिका निभाएगा। हमारे बुजुर्गों ने आगे की सोच रखते हुए वृक्ष लगाए थे और उसका लाभ आज हमें मिल रहा है। इस अवसर पर लोमेश साहू, लक्ष्मी साहू, सविता साहू, परमेश्वर साहू, सन्नी देवल मण्डावी, रिझुराम भगत, सिमरन, पायल, पूजा, छाया, योगिता, मनीषा, रेणु, संध्या सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नगरीय निकाय कर्मचारियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**गौरेला।** प्रदेश भर के नगरी निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार पिछले एक सप्ताह भर से काली पट्टी लगाकर काम कर रहे थे एवं अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का लगातार प्रयास कर रहे थे।

नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांगे हैं, जिसमें महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समय पद पदोन्नति शामिल है। इन गंभीर मुद्दों को लेकर हम लगातार संघर्षरत हैं और अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करने का लगातार प्रयास कर रहे थे। इसी बीच शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से संघ के पदाधिकारियों को मुलाकात के लिए बुलावा आया, जिस पर संघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से उनके निवास पर भेंट की एवं उन्हें अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान से कर्मचारी संघ के संरक्षक संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, वरिष्ठ सलाहकार श्रवण ठाकुर, और कर्मचारी ललित साहू उपस्थित थे। साथ ही नगर पालिका परिषद गौरेला के निकाय के कर्मचारियों में नाथूराम शौरी, मोहन विश्वकर्मा, राजेश साहू, परसराम बघेल, मो. इजहार, रामप्रसाद राठौर, संतोष नामदेव, अशोक सोधिया, देवसिंह सैयाम सहित अन्य मौजूद थे।

### बच्चे देश का भविष्य उनके अधिकार सुरक्षित हों: अग्रवाल



**पेंड्रा।** बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं, उनका अधिकार सुरक्षित हो इसके लिए संविधान में विशेष प्रावधान किया गया है। जिस देश में बच्चों के अधिकार सुरक्षित रहते हैं, वह देश आने वाले समय में और मजबूती के साथ आगे बढ़ता है।

संविधान में बच्चों को दिए गए अधिकारों के साथ समाज का दायित्व है कि वह बच्चों को सुरक्षा प्रदान करें। उक्त बातें मिशन स्कूल में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता सिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल ने कही। श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि बच्चों के जन्म से लेकर उनके खेलने उनके पालन-पोषण, शिक्षा तथा उन्हें शोषण से बचाने संविधान में जो प्रावधान किए गए हैं इसका लाभ प्रत्येक बच्चों को मिले। उन्होंने शिक्षा के अधिकार को विशेष रूप से परिभाषित किया। ज्ञात हो कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के सचिव अनिल कुमार चौहान के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन मिशन उच्चतर माध्यमिक शाला पेंड्रारोड में किया गया। उक्त शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, निशुल्क अधिवक्ता से संबंधित, मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम, साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी। शिविर में पैरालिगल वालंटियर कुमारी लीला वती राठौड़, प्राचार्य भावना, शशिबाला लाल सहित छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक उपस्थित थे।

### लुतरा शरीफ बनेगा छत्तीसगढ़ का ताजबाग



**सीपत।** छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी प्रसिद्ध दरगाह लुतरा शरीफ के कायाकल्प की दिशा में अब ठोस कदम उठाए जाएंगे। दरगाह के जीर्णोद्धार और विकास को लेकर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही नागपुर के ताजबाग की तर्ज पर लुतरा शरीफ को सजाया-संवारा जाएगा।

रविवार को लुतरा शरीफ दरगाह में आयोजित हाजी व हज्जनों के सम्मान के बाद लगभग 50 लाख की लागत से बनने वाले दरगाह के आहाता निर्माण का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने बताया कि पहले चरण में दरगाह के परिसर से बेजा कब्जा हटाया जाएगा और फिर आधुनिक सुविधाओं के साथ दरगाह का विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वक्फ बोर्ड सदस्य एडवोकेट सैय्यद फैसल रिजवी ने कहा कि लुतरा शरीफ की दरगाह को सुविधाजनक बनाना समय की जरूरत है। वहीं, हज कमेटी सदस्य सैयद मकबूल ने कहा कि अब वक्फ बोर्ड गरीब और जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है, और सलीम राज के नेतृत्व में यह प्रयास और भी तेज होगा। इस अवसर पर राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान, रहमान खान, देवेश शर्मा, चंद्रमणि मरावी मोहम्मद सिराज, रोशन खान, हाजी गुलाम रसूल, मोहम्मद कुद्दूस, हाजी महमूद जुबेर, फिरोज खान, हाजी अब्दुल करीम, अब्दुल रहीम महबूब खान, दरगाह के खादिम हाजी शेर मोहम्मद, उस्मान खान, हाजी मोहम्मद साबिर, हाजी शरीफ खान, याशीन शोला एवं अब्दुल गफ्फार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कोटवारों के लिए आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

# कोटवार प्रशासन की रीढ़, इनकी भूमिका महत्वपूर्ण: कलेक्टर

**मुंगेली।** रिजर्व पुलिस लाइन मुंगेली में 'पहल' बदलाव की शुरुआत सुरक्षा के साथ कार्यक्रम के अंतर्गत कोटवारों के लिए आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल शामिल हुए। कलेक्टर ने कोटवारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कोटवार प्रशासन की रीढ़ हैं।

जिले में कहीं भी अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने कानून व्यवस्था महत्वपूर्ण होती है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था को मजबूती देने के लिए आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोटवारों की महत्वपूर्ण सूचना से कोई बड़ी घटना टल सकती है, इसलिए अपने कार्यों को गंभीरता से करना है। उन्होंने



कोटवार प्रशिक्षण में शामिल कलेक्टर व एसपी।

कहा कि अपने-अपने गांवों में नशा मुक्ति के लिए विशेष रूप से कार्य करें, बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें, पलायन को रोकने जिले में ही रोजगार के बेहतर विकल्प दिलाने का प्रयास करें। स्कूलों में शिक्षकों की अनुपस्थिति, बाल विवाह और अन्य कुप्रथाओं की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य के लिए कोटवारों को प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी कोटवारों को पहचान कार्ड प्रदान किया जाएगा, जिससे वे महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं कार्यों के लिए आसानी से कलेक्टर एवं एसपी सहित अन्य अधिकारियों से मिल सकते हैं। इस दौरान उन्होंने कोटवार मोहन दास के गाने की सराहना की। एसपी भोजराम पटेल ने कहा कि यह प्रशिक्षण आपके सम्पूर्ण विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल है। कोटवारों के इस प्रशिक्षण से उनके कर्तव्य शक्ति एवं अधिकारों का बोध होता है। कोटवार प्रशासन के प्रतिनिधि होते हैं, इसलिए गांव में किसी भी घटना की स्थिति में सजग एवं तत्पर होना है। अपराध नियंत्रण, आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोटवारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# एनएसयूआई की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन



**तखतपुर।** तखतपुर विधानसभा में एनएसयूआई की विशेष बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी विस्तार सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने भाजपा सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा शासन में छात्रों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही हैं। न बेरोजगारी का हल मिला, न शिक्षा में पारदर्शिता रही। व्यापम जैसी भर्ती परीक्षाएं आज भी नकल और भ्रष्टाचार की गिरफ्त में हैं। जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह और तखतपुर विधानसभा अध्यक्ष प्रियांशु ने तखतपुर विधानसभा की पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए आसीन सामुएल तथा दीपक लहरे को विधानसभा उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आत्मजीत मक्कड़, कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष सुनील शुक्ला, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन, पार्षद अजय देवांगन, प्रदेश सचिव लोकेश नायक, तखतपुर विधानसभा अध्यक्ष प्रियांशु डहरिया, पूर्व एल्डरमैन नट्टू जायसी, जिला महासचिव सुबोध नायक, उमेश पटेल, विपिन साहू, अमन कोशले, हेमंत कुर्रे, सूर्या बंजारे आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## 8 किलो गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिसयुवक को पकड़कर 8 किलो 326 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सकरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, ओवरब्रिज के नीचे एक युवक गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मूलतः कोरबा रिसदी हालमुकान तोरवा धान मंडी निवासी भूपेन्द्र पुरी पिता नर्मदा पुरी को पकड़ लिया। बेग की तलाशी लेने पर 8 किलो 326 ग्राम अलग अलग पैकेट में गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## करंट लगने से मजदूर की मौत, मकान मालिक पर जुर्म

**बिलासपुर।** निमार्णाधीन मकान में काम करने के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, 24 जून 2025 को सुबह 12.50 बजे संतोष सूर्यवंशी पिता मनहरण सूर्यवंशी बहतराई निवासी को राजेन्द्र सूर्यवंशी अपने निर्माणाधीन मकान में सेटरिंग खुलवाने का काम करा रहा था। इसी दौरान उनके मकान के बाजू से गुजरे 11 केवी बिजली तार के चपेट मे आने से संतोष सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद मकान मालिक राजेन्द्र सूर्यवंशी के खिलाफ धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## दुकान से 96 हजार का मोबाइल पार

**बिलासपुर।** ग्राहक बनकर एक युवक मोबाइल दुकान से 96 हजार रुपए का मोबाइल चोरी कर भाग गया। सीसीटीवी कैमरे में चोरी की तस्वीर कैद हो गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सैदा रोड घुरू में किराए के मकान में रहने वाले लक्ष्मी राकेश पिता बिसाहू राम श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित क्रोमा इलेक्ट्रानिक शोरूम में डिपार्टमेंट मैनेजर हैं। 15 जुलाई को 6.10 बजे उनके शोरूम में युवक ग्राहक बनकर आया और मोबाइल में किसी से बात कर रहा था। मैनेजर कर्मचारी काम व्यस्त हो गए तब उसने चालाकी से डेमो टेबल में रखा सेमसंग कंपनी का 96 हजार की मोबाइल चोरी कर भाग निकला। कुछ देर बात मैनेजर की नजर गई तो टेबल से मोबाइल गायब मिला। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो उक्त युवक मोबाइल चोरी कर पेंट में रखकर जाते नजर आ रहा है। मैनेजर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरी करने वाले व्यक्ति का सुराग नहीं लगा पाई है।

## धान खरीदी में 54 लाख का गबन, प्रभारी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने धान खरीदी में 54 लाख 67 हजार 687 रुपए गबन करने वाले खरीदी प्रभारी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आपरेटर पुलिस पकड़ से बाहर है। ज्ञात हो कि खरीफ वर्ष 2024, 25 में धान खरीदी का कार्य धान खरीदी प्रभारी कृष्ण कुमार करियारे पिता रामजी करियारे एवं समिति कम्प्यूटर आपरेटर सुख सागर जांगड़े धान खरीदी केंद्र रिस्दा के द्वारा धान खरीदी कार्य में अनियमितता कर शासन को क्षति पहुंचाई गई है। पुलिस ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मस्तूरी शाखा के बैंक मैनेजर सुशील पनोरे की रिपोर्ट पर खरीदी प्रभारी कृष्ण कुमार करियारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं आपरेटर सुख सागर जांगड़े पुलिस पकड़ से बाहर है।

**सौगात**

दो महीने में काम पूरा करने का दावा, सबसे पहले चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे

# शहर को मिलेगी 50 ई सिटी बस की सौगात, मिली पहली किश्त डेढ़ करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों को ई सिटी बस सेवा की सौगात दिवाली तक मिल जाएगी। कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग प्वाइंट के लिए केंद्र शासन की ओर से पहली किश्त जारी करते हुए डेढ़ करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके साथ ही केंद्रीय टीम ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा भी लिया।

- **कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग प्वाइंट बनाया जा रहा**

अधिकारियों के मुताबिक दो महीने में सब स्टेशन निर्माण पूरा होने के बाद शहर में प्रदूषण रहित सिटी बस शुरू होने की संभावना है। दरअसल इलेक्ट्रिक बसों के संचालन और रखरखाव के आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग सेंटर सहित अन्य आधारभूत कार्य किए जाने हैं। टेंडर प्रक्रिया और वर्क ऑर्डर के बाद सिटी ई बस टर्मिनल कांप्लेक्स काम शुरू किया गया है। सबसे पहले चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। इसके लिए 2500 केवीए का सब स्टेशन स्थापित किया जाना है और ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं। विद्युत वितरण कंपनी को डेढ़ करोड़ रुपए मिलने के बाद अब काम में तेजी आई है।

### 13 चार्जिंग प्वाइंट, वेटिंग रूम और वर्कशॉप बनेंगे

गौरतलब है कि सिटी बस डिपो में कुल साढ़े 5 एकड़ एरिया में इलेक्ट्रिक बसों के हिसाब से टर्मिनल कांप्लेक्स तैयार किया जा रहा है। यहां 13 चार्जिंग प्वाइंट, यात्री प्रतीक्षालय, वर्कशॉप ऑफिस, पार्किंग एरिया, ग्रीन एरिया तैयार किया जा रहा है। सिटी बस डिपो के सिविल इंफास्ट्रक्चर के लिए केंद्रांश 5 करोड़ 2 लाख, राज्यांश 3 करोड़ 35 लाख और पावर इंफास्ट्रक्चर के लिए 3 करोड़ 8 लाख मिलाकर कुल 11 करोड़ 45 लाख की नोडल एजेंसी सूडा द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### शहर को मिलेंगी प्रदूषण मुक्त बसें

गौरतलब है कि योजना के तहत बिलासपुर में कुल 50 ई-बसें चलेंगी। पहले चरण में 9 मीटर लंबी 35 एसी बसों का संचालन होगा। प्रत्येक बस में 27 यात्री बैठकर और 15 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। सब स्टेशन के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य का 2 करोड़ का ठेका नरेंद्र चित्रकार को और सिविल वर्क का 6 करोड़ का ठेका अविनाश बिल्डकॉन को दिया गया है।



### केंद्र की ओर से दिए गए हैं रुपए

कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग प्वाइंट के लिए केंद्र शासन की ओर से डेढ़ करोड़ रुपए दिए गए हैं। दो महीने में सब स्टेशन निर्माण पूरा होने के बाद शहर में प्रदूषण रहित सिटी बस शुरू होने की संभावना है। इसके लिए 2500 केवीए के विद्युत सब स्टेशन का काम पहले पूरा कराया जाएगा। चार्जिंग प्वाइंट के बिना बस सेवा शुरू करना संभव नहीं है।

- **अनुपम तिवारी,** नोडल अधिकारी सिटी बस

### टर्मिनल और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर होगा तैयार

निगम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य स्तर पर सूडा नोडल एजेंसी है और शहरी स्तर पर जिला अर्बन सोसायटी इसका संचालन करेगी। जिला अर्बन सोसायटी बिलासपुर द्वारा ड्राइंग डिजाइन और नक्शा तैयार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पीएम ई बस सेवा के तहत बिलासपुर को 50 बस मिलनी हैं। ई बसों मिलने से पहले स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रिक बसों के लिए टर्मिनल और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता दी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक ई-बस के वजन के हिसाब से पूरा स्टैंड बनाया जा रहा है। बस का रूट और किराया बिलासपुर पब्लिक सर्विस सोसायटी तय करेगी।

अतिक्रमण और कंस्ट्रक्शन वेस्ट के खिलाफ अभियान

# 197 लोगों पर 3 लाख का जुर्माना 200 से अधिक कब्जे हटाए गए

*सभी जोन में कार्रवाई, आगे भी जारी रहेगा अभियान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर पालिक निगम बिलासपुर ने आज पूरे शहर में फुटपाथ और सड़क पर किए गए अतिक्रमण और सड़क पर रखें कंस्ट्रक्शन मटैरियल के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सभी 8 जोन में एक साथ कार्रवाई की गई। चलाए गए अभियान में 200 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया गया और 197 अतिक्रमणकारियों से 2,99,700 रुपए जुर्माना वसूला गया और अन्य का सामान जब्त किया गया।

- **फुटपाथ और सड़क में कब्जे से ट्रैफिक हो रहा बाधित**

दरअसल दुकानों में नाम लिखे हुए बोर्ड और सामानों को फुटपाथ और बीच सड़क पर रख देते है जिससे पैदल आने जाने वालों को परेशानी और ट्रैफिक में व्यवधान उत्पन्न होता है, इसके अलावा भवन निर्माण के दौरान मटेरियल को बीच सड़क पर डंप किया जा रहा था। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम ने इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए आज पूरे शहर में एक साथ अभियान छेड़ा और 200 से अधिक अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अलावा सड़कों पर रखें सी एंड डी वेस्ट के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। भवन मालिकों के ऊपर जुर्माना लगाया गया और मटैरियल को जब्त किया गया है।



मुंगेली नाका दाऊ मेडिकल के सामने लगी भीड़।



### लगातार चल रहा अभियान

नगर निगम शहर की सड़कों और फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराने के साथ ही स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चला रहा है। रोजाना ऐसे दुकानदार जो अपना सामान फुटपाथ और सड़क पर रखते हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह सड़क पर ठेला गुमटी लगाने वालों को भी हटाया जा रहा है। सभी जोन और अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है की किसी भी सूरत में फूटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण ना हों। कार्रवाई के साथ साथ निगम द्वारा दुकानदारों को समझाइश भी दी जा रही है।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

### मुंगेली नाका में विवाद और हंगामा

इस दौरान मुंगेली नाका चौक में दाउ मेडिकल के सामने जमकर हंगामा मचा। कब्जा हटाने पहुंचे निगम अमले से विवाद और गाली गलौच तक की गई। मेडिकल दुकान संचालक ने सड़क पर बोर्ड लगा दिया था। निगम ने इसकी जब्ती बनाई और सामान हटाने कहा तो दुकान संचालक विरोध करने लगा। इस दौरान बात बढ़ी तो मामला गाली गलौच तक पहुंच गया। निगम की सख्ती के बाद दुकान संचालक शांत हुआ। निगम ने एक हजार की पेनाल्टी लगाई है।

## लिंगियाडीह में निगम के पीएम आवास के लिए सर्वे से मचा बवाल



लिंगियाडीह में पीएम आवास के लिए सर्वे करने पहुंचे निगम अमले का स्थानीय निवासियों ने घेराव कर दिया। एक बार फिर से तोड़फोड और जगह से हटाने से आशंकित लोगों ने सर्वे का विरोध भी किया। फिलहाल सर्वे टीम वापस लौट गई है तो वार्ड नंबर 50 और 52 के पाषर्दों के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई। एक तरफ लोगों ने वार्ड 50 के भाजपा पार्षद पर गुमराह करने का आरोप लगाया तो वार्ड क्रमांक 52 के पार्षद पर अपनी जिम्मेदारी से भागने आरोप लगाया।

- **एक बार फिर से तोड़फोड और जगह से हटाने का विरोध भी**
- **वार्ड नंबर 50 और 52 के पाषर्दों के बीच जुबानी जंग शुरू**

दरअसल क्षेत्र में लोगों के द्वारा लंबे समय से पीएम आवास की मांग की जा रही है। इसके लिए निगम की सर्वे करने एक बार फिर लिंगियाडीह पहुंची। अमले ने वहां के रहवासियों से आधार कार्ड मांगा, चूंकि ज्यादातर घरों के लोग अपने रोजी- रोजगार में निकल गए कुछ ने आधार दिया कुछ ने नही। पूछने पर अमले के किसी कर्मचारी ने कहा दिया कि वार्ड पार्षद जय वाधवानी से पूछिए तब से बवाल मचा है। वार्ड की महिलाएं और पुरुष वार्ड नंबर 50 के पार्षद जय वाधवानी के घर पहुँच गए। जब वे नहीं मिले तो आक्रोशित नागरिकों ने उन पर बिल्डरों के पक्ष में काम करने का आरोप लगा दिया। हालांकि वार्ड पार्षद ने कहा कि वे लोगों के हित के लिए काम करने हमेशा तैयार हैं। वार्ड क्रमांक 52 के पार्षद दिलीप पाटिल ने बताया कि जहां सर्वे हो रहा है वह लिंगियाडीह का ही क्षेत्र है लेकिन परिसीमन के बाद वह कटकर वार्ड क्रमांक 50 में शामिल हो गया है। दूसरी ओर लोगों का कहना है कि बरसात में एक बार फिर निगम घर से बेघर करने पर तुला है। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया है।

## दस खसरा नंबरों के चक्कर में पूरे बोदरी गांव की जमीन खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध

**बिलासपुर।** अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में असली भू स्वामी के बजाए बिचौलियों की एंट्री रोकने रेल्वे द्वारा शासन से बोदरी में जमीन की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग की गई थी। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर द्वारा बीते दिनों बोदरी की दस खसरा नंबर की जमीनों की खरीद-बिक्री प्रतिबंधित की गई थी। इसके विपरीत पूरे गांव में ही जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई। इस आदेश से आम किसान हलाकान हैं।

- **बिचौलियों से बचने की थी जमीन खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग**

दाधापारा रेलवे फाटक के पास प्रस्तावित अंडर ब्रिज पहुंच मार्ग निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण करने बोदरी के कुछ खसरा नंबर की जमीनों की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित की गई थी। भूमि के अधिग्रहण से पूर्व बिचौलियों से बचने के लिए रेल्वे प्रशासन द्वारा शासन से इस क्षेत्र में भूमि की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग की गई थी। शासन के निर्देशानुसार बीते दिनों कलेक्टर द्वारा बोदरी तहसील अंतर्गत बोदरी गांव के महल नंबर तीन के छह खसरा नंबरों जिनमें 132/1, 132/2, 133/1, 133/2, 134/2 एवं 134/3 के अलावा महल नंबर पांच के चार खसरा नंबरों जिनमें 158/1, 159, 160 एवं खसरा नंबर 161 की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कलेक्टर द्वारा दिनांक 8 जुलाई 2025 को जारी उक्त आदेश में स्पष्ट उल्लेखित है कि खरीदी-बिक्री सिर्फ उपरोक्त दस खसरा नंबरों की ही प्रतिबंधित की गई है। इसके विपरीत बोदरी तहसील में पूरे बोदरी गांव की जमीन की खरीदी व बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके चलते अन्य खसरा नंबरों की जमीन के मालिक किसान भी अपनी जमीनों की खरीदी-बिक्री नहीं कर पा रहे हैं।

### रजिस्ट्री नहीं होने से शासन को भी राजस्व का नुकसान

बोदरी तहसील में बोदरी गांव की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के कारण रजिस्ट्री पर भी रोक लग गई है। ऐसी दशा में शासन को भी राजस्व की हानि हो रही है। इस संबंध में रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उक्त गांवों की जमीन की रजिस्ट्री पर बीते हफ्ते-दस दिन से ही प्रतिबंध लगा है।

### जमीनों का चिन्हांकन हो चुका है

अंडर ब्रिज पहुंच मार्ग के लिए जिन खसरा नंबरों की जमीन चाहिए उसकी विस्तृत जानकारी रेलवे द्वारा नहीं दी गई थी। इसीलिए सावधानी के तौर पर खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित की गई थी। अब अधिग्रहित की जाने वाली जमीनों का चिन्हांकन किया जा चुका है, जिससे सिर्फ उन्हीं पर प्रतिबंध रहेगा। शेष जमीनों की खरीदी-बिक्री की जा सकेगी।

- **संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### संशोधन आदेश मिल गया है

कोई कंफ्यूजन की स्थिति निर्मित होने के कारण पूरे गांव की जमीन की रजिस्ट्री प्रतिबंधित कर दी गई होगी। कलेक्टर से संशोधन आदेश प्राप्त हुआ है, जिससे अब स्थिति सामान्य हो जाएगी। बारिश का मौसम है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से रजिस्ट्री अपेक्षाकृत कम ही होती है। शासन को इस दौरान राजस्व का नुकसान नहीं हुआ है। बोदरी तहसील अंतर्गत रेल्वे द्वारा दाधापारा रेल्वे फाटक में अंडर ब्रिज पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाना है। इसके लिए रेल्वे को कुछ भूमि का अधिग्रहण करना है।

**-आरके स्वर्णकार,** जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग

## रेडियोलॉजिस्ट की कमी से जूझ रहा सिम्स

**बिलासपुर।** सिम्स के रेडियोलॉजी विभाग में डाक्टरों की कमी और सोनोग्राफी जांच की पेंडेंसी के कारण अब मरीजों को जांच के लिए निजी डाग्नोसटिक सेंटर की शरण लेनी पड़ रही है। नर्सों के द्वारा मरीजों को सीधे निजी जांच सेंटर में भेजा जा रहा है।

- **सोनोग्राफी में पेंडेंसी, मरीजों को जांच के लिए जाना पड़ रहा है निजी सेंटर**

पिछले सप्ताह शिवरीनारायण से इलाज कराने आए नागमणि को पेट में दर्द की शिकायत थी, वह कई दिनों से सिम्स में भर्ती थी, इस दौरान उसे आईसीयू में रखा गया लेकिन पिछले हफ्ते शनिवार की शाम को उसे जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। रविवार को रेडियोलॉजी विभाग में डाक्टरों की छुट्टी थी। वहीं वार्ड के नर्स और डाक्टरों ने सोनोग्राफी में पेंडेंसी बता मरीज को सीधे निजी सेंटर से सोनोग्राफी कराने के लिए कह दिया गया। रविवार



सुबह 10.30 बजे परिजनों के द्वारा सिम्स के सामने ओम डाग्नोस्टिक सेंटर में सोनोग्राफी कराया गया। इस प्रकार कामता साहू को भी डाक्टरों ने कहा कि यहां महज इमरजेंसी का ही सोनोग्राफी किया जा सकता है, ऐसे में उसके बेटे ने उधार में रूपए लेकर अपनी मां का सोनोग्राफी कराया। दोनों की मामले से एक बात सामने आती है कि सिम्स की लचर व्यवस्था अभी भी लोगों को जांच के लिए निजी अस्पतालों तक पहुंचा रही है, जिसके चलते मरीजों को आर्थिक जोखिम उठाना पड़ रहा है।

### डाक्टर की कमी रिपोर्ट पेंडिंग

बताया जा रहा है कि रेडियोलॉजी विभाग एक प्रोफेसर के भरोसे चल रहा है। बॉड के डाक्टरों की पोस्टिंग राज्य सरकार द्वारा नहीं की गई है, प्रबंधन संविदा तौर पर डाक्टर की व्यवस्था भी नहीं कर पाया है, जिसके चलते सोनोग्राफी, एमआरआई, एक्सरे, सीटी स्केन जैसी सुविधाएं होने के बाद भी मरीजों को पर्याप्त इलाज नहीं मिल रहा है। दरअसल डाक्टर की कमी के चलते जांच होने के बाद भी रिपोर्ट नहीं मिल रही है, ऐसे में मरीजों को तत्काल रिपोर्ट की जरूरत होने पर जांच कराना समय और रूपए दोनों की बर्बादी नजर आती है।

## शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर नर्स से 19 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर नर्स से 18 लाख 74 हजार की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस साइबर सेल के सहयोग से मामले की जांच में जुट गई है।

बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, क्षेत्र में रहने वाली एक नर्स के पास अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। उन्हें शेयर ट्रेडिंग में इन्वेस्ट करने पर मोटी रकम मुनाफा कमाने का लालच दिया गया है। मोटी रकम मुनाफा कमाने में लालच में आ गई। उसके बाद उन्हें वाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया है। नर्स में अलग अलग किश्तों में 18 लाख 74 हजार रुपए इन्वेस्ट करते हुए बताए गए बैंक खाते में जमा कर दिया। उन्हें वाट्सएप में बताया जाता था, उन्हें कितना मुनाफा हुआ है। उन्होंने मुनाफा की राशि लेने के लिए मोबाइल नम्बर में संपर्क की तो घुमाने लगे। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने नर्स की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 घ, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी

**बिलासपुर।** शहर की एक युवती को इंस्टाग्राम में यूपी के युवक से दोस्ती महंगी पड़ गई। युवक ने वीडियो कालिंग कर बातों में फंसा लिया और अश्लील वीडियो बना लिया। अब युवक युवती को यूपी मिलने के आने के लिए दबाव बना रहा है। मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक 18 वर्षीय युवती की इंस्टाग्राम में यूपी के एक युवक से दोस्ती हो गई। उसके बाद दोनों इंस्टाग्राम में चेटिंग करने लगे। चेटिंग के दौरान युवक अपनी बातों में फंसाकर युवती से उसका मोबाइल नम्बर ले लिया। उसके बाद युवक वीडियो कालिंग कर बात करने लगा। इस दौरान युवक ने युवती का अश्लील वीडियो बना लिया। अब युवक युवती को फोन कर यूपी उससे मिलने आने के लिए लगातार दबाव बना रहा है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 79 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




